(नवप्रदेश फोटो-फैज़ुल हक)

ऋतुराज-कोहली ने जड़ा 'विराट' शतक

नितेश छाबड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में भारतीय टीम ने लगातार 20वें वनडे में टॉस गंवाया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। टीम इंडिया ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 358 रन बनाए। भारतीय कप्तान केएल राहुल 66 और रवींद्र जडेजा 24 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी करके स्कोर 350 पहुंचाया। राहुल ने लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी लगाई। विराट कोहली (102 रन) ने लगातार दूसरे मैच में शतक लगाया। ऋतुराज गायकवाड ने भी 105 रनों की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। यशस्वी जायसवाल 22 और रोहित शर्मा 14 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन को 2 विकेट मिले। नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ।

यशस्वी जायसवाल	रोहित शर्मा	केएल राहुल	वाशिंगटन सुंदर	रविन्द्र जडेजा
22-रन	14- रन	66- रन	01- रन	24- रन

टी-20 वर्ल्डकप के लिए भारत की जर्सी लॉन्च

बीसीसीआई ने 7 फरवरी से शुरू होने जा रहे टी-20 वर्ल्डकप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च कर दी है। इस दौरान रोहित शर्मा और तिलक वर्मा मौजूद रहे। इस दौरान साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम भी जारी की।

कोहली-ऋतुराज की शतकीय साझेदारी

25वें ओवर में विराट कोहली ने वनडे करियर की 76वीं फिफ्टी लगाई। उन्होंने लुंगी एनगिडी की तीसरी बॉल पर कवर ड्राइव से एक रन लिया और फिफ्टी पूरी की। कोहली ने लगातार तीसरे मैच में 50+ स्कोर बनाया है। इसी ओवर में कोहली ने गायकवाड के साथ शतकीय साझेदारी की।

कोहली का वनडे में 53वां शतक

कोहली ने 90 बॉल पर शतक पूरा किया। उन्होंने मिडऑन पर बैकफुट पंच करके एक रन लिया और शतक पूरा किया। फिर अपने अंदाज में छलांग लगाई और रिंग चूमकर सेलिब्रेशन किया। वनडे करियर में 53वां शतक लगाया। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 84 शतक हो चुके हैं।

राहुल-जडेजा की फिफ्टी पार्टनरशिप

49वें ओवर में भारतीय कप्तान केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। टीम ने 289 रन पर 5वां विकेट गंवाया था।

मैच के दौरान ग्राउंड में घुसा युवक

मैच के दौरान एक युवक अचानक ग्राउंड के बीच में घुस गया। सुरक्षा टीम ने उसे तुरंत उठाकर स्टेडियम से बाहर कर दिया। इस घटना के बावजूद मैच का माहौल प्रभावित नहीं हुआ और खेल जारी रहा।

बड़ी संख्या में पहुंची भीड़

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम में जमा हुए हैं। फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

चेकिंग के बाद प्रवेश

सुरक्षा जांच और चेकिंग के बाद अब फैंस को धीरे-धीरे स्टेडियम में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है। लोगों की लंबी कतारें लग गई हैं, और हर कोई टीम इंडिया को सपोर्ट करने के लिए उत्साहित नजर आ रहा है।

पानी बोतल, सिक्के जब्त

एंट्री के दौरान चेकिंग में दर्शकों से पानी की बोतल, गुटखा और सिक्के मिले जिन्हें जब्त किया गया। स्टेडियम एंट्री गाइडलाइन में पहले ही इन चीजों को बैन किया गया था।

स्टेडियम में इंडिया-इंडिया हूटिंग

- स्टेडियम में क्रिकेट फैंस उत्साहित नजर आ रहे हैं। टीम इंडिया को चीयर करने के लिए लोग जोर-जोर से हूटिंग कर रहे हैं और अपनी टीम का उत्साह बढ़ा रहे हैं।
- बच्चे, युवा जर्सी पहनकर, हाथों में झंडे और बैनर लेकर स्टेडियम में जमा हैं।
- फैंस की इस ऊर्जा ने पूरे माहौल को क्रिकेट प्रेम और जोश से भर दिया है, जिससे मैच के दौरान स्टेडियम में माहौल बन गया है।

धोनी के फैन राम बाबू स्टेडियम पहुंचे

भारत और दक्षिण अफ्रीका का मैच थोड़ी देर में शुरू होगा। मैच देखने के लिए प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग स्टेडियम पहुंच रहे हैं, जिससे हर रास्ते में गाडिय़ां रेंग रही हैं। इस बीच, भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सबसे बड़े फैन राम बाबू भी स्टेडियम पहुंचे। राम बाबू ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि वे टीम को सपोर्ट करने चंडीगढ़ से रायपुर आए हैं और 2016 से टीम इंडिया का समर्थन कर रहे हैं। उनकी धोनी से पहली मुलाकात धर्मशाला में हुई थी, और तब से वे मैच के दिन स्टेडियम धोनी के गेटअप में पहुंचते हैं।

आलोचकों को जवाब | **दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विराट ने जड़ा लगातार दूसरा शतक**

कोहली ने वनडे विश्व कप के लिए दावा किया मजबूत

रायपुर /नवप्रदेश। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए दावा मजबूत कर लिया है। कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दूसरा शतक लगा दिया है।

कोहली ने इससे पहले रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी और अब रायपुर में भी उन्होंने इस फॉर्म में जारी रखते हुए शतक लगा दिया है। कोहली वे 90 गेंदों पर सैकड़ा पूरा किया। पिछले कुछ समय से कोहली के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। लेकिन कोहली जिस तरह की फॉर्म में चल रहे हैं, उन्होंने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। कोहली

अब भारत के लिए सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं और इस बारे में लगातार बात होती रही है कि वह दो साल बाद होने वाले इस टूर्नामेंट तक अपनी मैच फिटनेस कैसे बरकरार रखेंगे, लेकिन कोहली ने इस सीरीज में लगातार दो शतक लगाकर आलोचकों को जवाब दे दिया है।

13वीं बार तीसरी बार वनडे में बनाया 50+

कोहली ने इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दूसरा 50+ स्कोर बनाया। वहीं, लगातार तीसरे मैच में उन्होंने 50+ स्कोर बनाया। इससे पहले कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में नाबाद 74 रन बनाए थे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 135 रन की पारी खेली थी। यह 13वीं बार है जब उन्होंने वनडे में लगातार तीन या इससे ज्यादा बार 50+ स्कोर बनाया है। इस प्रारूप में ये सर्वाधिक है। इस मामले में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 11 बार ऐसा किया है, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 10 बार वनडे में लगातार तीन मैचों में 50+ स्कोर बनाए हैं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के विकेट जल्द गंवा दिए थे जिसके बाद कोहली ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ मिलकर पारी को संभाला। कोहली से पहले ऋतुराज गायकवाड़ ने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया, लेकिन गायकवाड़ शतक लगाने के बाद कैच आउट होकर पवेलियन लौट गए। गायकवाड़ ने 105 रन बनाए। कोहली और गायकवाड़ के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी हुई।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 84वां शतक लगाया

कोहली का यह वनडे में 53वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 84वां शतक है। कोहली पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए थे और अब उन्होंने इस रिकॉर्ड को और मजबूती दी है। कोहली वनडे में शतक लगाने के मामले में सभी से काफी आगे निकल गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है जिन्होंने 100 शतक लगाए हैं। कोहली दूसरे मैच में 93 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाकर आउट हुए।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार तीसरा शतक

कोहली का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह वनडे में लगातार तीसरा शतक है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में नाबाद 101 रन बनाए थे। इसके बाद रांची में 135 रन और अब 102 रनों की पारी खेली। कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस मामले में केन विलियमसन की बराबरी कर ली है।

नव प्रदेश छत्तीसगढ़

धान की खरीद में पारदर्शिता और बढ़ी सुविधा: भागीरथी साहू

रायपुर/नवप्रदेश। तकनीक.आधारित सुशासन का सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है, जिससे धान जैसी फसलों की खरीद में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ी है। श्तुंहर टोकन, ऐप जैसी पहलों से घर बैठे टोकन मिल रहा है, जिससे समितियों के चक्कर लगाने और समय बर्बाद होने की समस्या खत्म हो गई है। धमतरी जिले के भटगांव के किसान भागीरथी साहू इसका जीवंत उदाहरण हैं। पहले जहाँ धान विक्रय के दौरान घंटों लंबी कतारों में लगना पड़ता था, वहीं इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए ÷टोकन तुहर हाथ÷ मोबाइल एप ने पूरी प्रक्रिया ही बदल दी है।

खेती-किसानी को बेहतर बनाने में करेंगे प्राप्त धन राशि का उपयोग: साहू ने अपने घर से ही कुछ ही मिनटों में ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया। न भीड़ का तनाव, न इंतज़ार, सिर्फ मोबाइल पर कुछ क्लिक और टोकन तुरंत उपलब्ध। वे बताते हैं ÷व्यवस्था पूरी तरह सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक है। टोकन भी आसानी से कट गया और धान बेचने में बिल्कुल भी परेशानी नहीं हुई।÷ इस वर्ष उन्होंने सहकारी समिति केंद्र सोरम में 20 क्विंटल 60 किलो धान विक्रय किया। वे बताते हैं कि पिछले वर्ष भी उन्होंने लगभग इतनी ही मात्रा में धान बेचा था। प्राप्त धनराशि का उपयोग वे परिवार की आवश्यकताओं और खेती-किसानी को बेहतर बनाने में करते हैं।

किसान को सुविधा अनुसार तारीख और समय चुनने का अधिकार

राज्य सरकार का उद्देश्य तकनीक की मदद से किसानों के समय, ऊर्जा और संसाधनों की बचत सुनिश्चित करना है। ऐप के माध्यम से टोकन लेने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है, किसान स्वयं अपनी सुविधा के अनुसार तारीख और समय चुन सकते हैं। इससे केन्द्रों में होने वाली अनावश्यक भीड़ पूरी तरह खत्म हो गई है।

ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव

साहू जैसे किसान न केवल इस व्यवस्था का लाभ उठा रहे हैं, बल्कि गाँव के अन्य किसानों को भी ऐप का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक और पारदर्शी प्रशासन का यह समन्वय ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। सरकारी नवाचारों की ऐसी सफल पहल यह सिद्ध करती है कि सही दिशा में उठाया गया एक कदम, किसान की पूरी व्यवस्था को अधिक सरल, सुरक्षित और सुगम बना सकता है।

रबी फसलों के लिए फसल बीमा पोर्टल चालू

■ अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने रबी मौसम 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल चालू कर दिया है। यह योजना किसानों को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलभराव, कीट-व्याधि और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करती है। पिछले वर्ष रबी सीजन में फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर जिले के 28,037 किसानों को 48 करोड़ 62 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया था। इस वर्ष जिले के 420 से अधिक अधिसूचित ग्रामों के किसान अपनी रबी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तय की गई है।

इस बार गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, चना, अलसी और सरसों जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा सकेगा। योजना में ऋणी, अऋणी, भू-धारक और बटाईदार सभी प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसल बोने वाला हर इच्छुक किसान इस योजना का लाभ उठा

सकता है। प्रीमियम दरों के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर गेहूं सिंचित के लिए 690 रुपये, गेहूं असिंचित के लिए 405 रुपये, चना के लिए 645 रुपये, अलसी के लिए 315 रुपये और सरसों के लिए 375 रुपये जमा करने होंगे।

किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र या भारत सरकार के बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि, राजस्व, बैंक या बीमा कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष

किसान हितैषी योजनाओं से सशक्तिकरण और आय में उल्लेखनीय प्रगति

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले में किसानों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिनमें एकीकृत खेती प्रणाली, मूल्य संवर्धन, संसाधन संरक्षण, बागवानी को बढ़ावा और कृषि यांत्रिकीकरण जैसे कदम शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, फसल की पैदावार में सुधार करना और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से बिलासपुर जिले में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं ने नए आयाम स्थापित किए हैं। वर्ष 2000 से 2025 के बीच कृषि, सिंचाई, फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं ने किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

फसल बीमा में जागरूकता और लाभ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 2025 में किसानों की संख्या, ऋणी और अऋणी आवेदन तथा बीमित राशि में बढ़त दर्ज की गई। खरीफ सीजन में किसानों की संख्या 11 प्रतिशत, ऋणी आवेदनों में 107 प्रतिशत और बीमित राशि में 23 प्रतिशत बढ़ी। रबी सीजन में भी किसानों की संख्या 44 प्रतिशत और अऋणी आवेदनों में 20 प्रतिशत की बढ़त हुई, इससे स्पष्ट होता है कि किसानों में योजना के प्रति विश्वास और जागरूकता लगातार मजबूत हो रही है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में प्रगति

वर्ष 2019 में 99 हजार 682 किसानों का पंजीयन था, जो अब 2025 में बढ़कर 1 लाख 55 हजार 366 हो गया है। अब तक 1 लाख 02 हजार 353 किसानों को 20वीं किस्त का लाभ मिला और कुल 2047.06 लाख रुपये वितरित किए गए, इससे किसानों की आय में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

महिला किसानों का तकनीकी सशक्तिकरण

महिला किसानों को ड्रोन और आधुनिक फसल छिड़काव तकनीक का प्रशिक्षण देकर उन्हें खेतों में तकनीकी दक्षता प्राप्त कराने का अवसर दिया गया। इससे उत्पादन में सुधार हुआ और आधुनिक तकनीक का प्रभाव खेतों तक पहुँचा।

फसल उत्पादन और सिंचाई में विस्तार

किसानों की आय में वृद्धि तथा दलहन-तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। दलहन, तिलहन, सब्जी और अन्य फसलों के रकबे में 12 प्रतिशत से 62 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई।

पारदर्शी धान खरीदी नीति बनी किसानों की प्रगति का आधार

■ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों को मिल रहा आर्थिक संबल

■ किसान केशवर सिंह ने धान खरीदी व्यवस्था की सराहना की

बलरामपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत किसान हितैषी नीति का लाभ गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले के किसानों को मिल रहा है। शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रति एकड़ 21 क्विंटल एवं प्रति क्विंटल 31 सौ रुपये की दर से धान खरीदी करने के निर्णय से किसानों में धान खरीदी को लेकर विशेष उत्साह है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो चुका है।

किसान अपनी उपज के साथ धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे है। इसी क्रम में ग्राम सरनाडीह के किसान श्री केश्वर सिंह ने बताया कि शासन की पारदर्शी, धान खरीदी नीति ने

उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया हैं। वे 5.5 एकड़ भूमि पर धान की खेती करते हैं। इस वर्ष 249 बोरी धान की बिक्री हुई है। केश्वर सिंह ने कहा कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य से उनकी वार्षिक आय में वृद्धि हुई है। बढ़ी हुई आय से वे परिवार की आवश्यक जरूरतों की पूर्ति, अगली फसल एवं भविष्य की योजनाओं को सुदृढ़ करने में सक्षम हो रहे हैं। वे बताते है कि पिछले वर्ष 242 बोरी धान बेचा था और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से प्राप्त राशि से बोर खनन करवाया है। जिसका सतत रूप से लाभ ले रहें है। धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर सटीक तौल व्यवस्था तथा पर्याप्त बारदाना जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

सेवा सहकारी सोसायटी गुरुर-बोहारडीह में धान खरीदी की तैयारियों का निरीक्षण

गुरुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार सेवा सहकारी सोसायटी समिति मर्यादित गुरुर-बोहारडीह के धान खरीदी केंद्र में सहयोग एवं समन्वय के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया है। समिति में भूषणपुरी गोस्वामी, रिखीराम साहू, लोकुराम पटेल, हेमलाल ध्रुवे तथा देवलाल साहू को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

निर्देशों के तहत निगरानी समिति के सदस्य धान खरीदी केंद्र में किसानों को सुगम एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने में सहयोग देंगे। समिति से अपेक्षा की

गई है कि वे शासन के मापदंडों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कर किसानों के हितों को सर्वोपरि रखें।

कांग्रेस शासनकाल में प्राधिकृत अध्यक्ष रहे भूषणपुरी गोस्वामी ने आज गुरुर समिति पहुँचकर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बोरा सिलाई में चार की जगह आठ टांके लगाने के निर्देश दिए, जिससे बोरे अधिक सुरक्षित एवं मजबूत रहें। साथ ही धान तौल प्रक्रिया को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप करने पर विशेष जोर दिया।

केंद्र में कार्यरत हमालों की सुविधा का ध्यान रखते हुए भूषणपुरी गोस्वामी द्वारा गुड़ ,एवं अन्य अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई, जिसके लिए हमालों ने उनका आभार व्यक्त किया तथा उनकी संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की।

धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं किसान हितों की प्राथमिकता को देखते हुए समिति की यह सक्रिय भूमिका सराहनीय मानी जा रही है।

पाली तहसील में अवैध धान जब्ती की कार्रवाई, 600 क्विंटल धान जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कोरबा अजीत वंसत के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसील पाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मादन स्थित शुभम अग्रवाल के दुकान एवं गोदाम में संयुक्त रूप से दबिश दी गई। इस कार्यवाही में तहसीलदार पाली भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार सुश्री राशिका अग्रवाल, हल्का पटवारी, खाद्य निरीक्षक रविराज पाली और मंडी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार व आकाश भारद्वाज कटघोरा उपस्थित रहे। तहसीलदार पाली एवं राजस्व टीम द्वारा मादन स्थित गोदाम एवं दुकान से कुल 1500 बोरी धान जब्त किया गया।

अवैध रेत परिवहन के खिलाफ पाली तहसील प्रशासन की कार्रवाई

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा अजीत वसंत के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसील पाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई।

तहसीलदार पाली भूषण सिंह मंडावी एवं नायब तहसीलदार पाली राशिका अग्रवाल के नेतृत्व में हल्का पटवारी तथा राजस्व विभाग की टीम ने गौण खनिज (रेत) का अवैध परिवहन करते हुए 04 ट्रैक्टर-ट्राली को मौके पर पकड़कर थाना प्रभारी पाली के सुपुर्द किया है।

धान खरीदी में सख्ती-कटगोड़ी, मुरमा, जटासेमर और पोंडी में कार्रवाई तेज

■ 75 बोरी धान जब्त, कई किसानों का अमानक धान रिजेक्ट

कोरिया/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने प्रशासन द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कटगोड़ी धान खरीदी केंद्र और आसपास के क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कई अनियमितताएँ उजागर हुईं।

कटगोड़ी में 40 क्विंटल धान रिजेक्ट प्रबंधक अनुपस्थित: बुधवार को सुबह कटगोड़ी धान खरीदी केंद्र में हुए औचक निरीक्षण में मानक से नीचे गुणवत्ता का लगभग 40 क्विंटल धान रिजेक्ट किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नोडल अधिकारी को तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्र में बारदाना एवं ढकने हेतु पॉलीथिन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिली।

कटगोड़ी में अवैध भंडारण-75 बोरी धान जब्त: निरीक्षण टीम ने फर्म रुद्र कुमार, मेन रोड कटगोड़ी के गोदाम से अवैध रूप से भंडारित 75 बोरी (30 क्विंटल) धान जब्त कर प्रकरण दर्ज किया । ग्राम मुरमा में किसान विशुन के यहाँ से 45 बोरी धान अवैध रूप से भंडारण पाए जाने पर जप्त किया गया।

जटासेमर 24 बोरी धान रिजेक्ट: झरना पारा धान उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी श्री कमलेश देवांगन द्वारा खरीदी केन्द्र का आज सुबह औचक निरीक्षण किया, जिसमें किसान नीलकंठ पिता देवनंदन, ग्राम जटासेमर का 24 बोरी धान अमानक पाए जाने पर रिजेक्ट कर वापस लौटा दिया गया।

7 प्रकरणों में 16 लाख 36 हजार 800 रूपए मूल्य के 528 क्विंटल (1320 बोरा) अवैध धान जब्त

■ अब तक कुल 138 प्रकरणों में 5 करोड़ 26 लाख 14 हजार 6 रूपए मूल्य के 16972.26 क्विंटल (42431 बोरा) अवैध धान एवं 8 वाहन जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में

राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 7 प्रकरणों में 16 लाख 36 हजार 800 रूपए मूल्य के 528 क्विंटल (1320 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 138 प्रकरणों में 5 करोड़ 26 लाख 14 हजार 6 रूपए मूल्य के 16972.26 क्विंटल (42431 बोरा) अवैध धान एवं 8 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 5 प्रकरण में 12 लाख 95 हजार 800 रूपए मूल्य के 418 क्विंटल (1045 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 2 प्रकरणों में 3 लाख 41 हजार रूपए मूल्य के 110 क्विंटल (275 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 57 प्रकरणों में 3 करोड़ 1 लाख 60 हजार 520 रूपए मूल्य के 9729.20 क्विंटल (24323 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 39 प्रकरण में 1 करोड़ 66 लाख 1 हजार 706 रूपए मूल्य के 3439.26 क्विंटल (8598 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 42 प्रकरणों में 1 करोड़ 17 लाख 91 हजार 780 रूपए मूल्य के 3803.80 क्विंटल (9510 बोरा) अवैध धान एवं 4 वाहन जप्त किया गया है। जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है।

जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना से किसानों के लिए खुली उन्नति की राह: गोपाल

धान बिक्री की राशि से बनाएंगे नया घर

■ पिछले वर्ष धान बिक्री की प्राप्त राशि से किया कृषि भूमि का विस्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रत्येक किसान अपनी उपज और मेहनत का सही दाम मिले यही उम्मीद रखता है। किसानों की उम्मीद और उनकी उपज का वास्तविक मूल्य देने के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। किसानों की वास्तविक उपज को समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है। किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, उनके उन्नति के रास्ते खुल गए है।

शासन-प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं और पारदर्शी खरीदी पर जिले के किसान बहुत खुश है।

राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र मनकी में ग्राम सुंदरा के किसान श्री गोपाल प्रसाद आज धान खरीदी केन्द्र मनकी में 71 क्विंटल धान बिक्री करने पहुंचे थे। धान बिक्री करने आए ग्राम सुंदरा के किसान श्री गोपाल ने कहा कि समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना से किसानों के लिए उन्नति का राह खोल दिया है। खेती-किसानों कार्य से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में दूसरी बार ऑनलाईन टोकन कटने के बाद धान बिक्री किया है। उन्होंने बताया कि पहले टोकन में धान बिक्री से उन्हें दो दिवस के भीतर एक मुश्त राशि मिली है। उन्होंने बताया कि उनके पास 18 एकड़ खेती जमीन है। जिसमें वे धान की फसल लिए थे। सोसायटी से खाद-बीज के लिए समय पर ऋण उपलब्ध होने से फसल का अच्छा उत्पादन हुआ है। किसान श्री गोपाल ने बताया कि पिछले वर्ष की धान बिक्री से उन्होंने कृषि भूमि का विस्तार किया था।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, गुरुवार, 4 दिसंबर 2025 शुक्ल पक्ष- चर्तुदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 224 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम साय से पीएससी 2024 के टॉप 10 अभ्यर्थियों ने की सौजन्य भेंट

■ **मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं, लोकहित में कार्य करने की दी सीख**

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 के टॉप 10 अभ्यर्थियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने सभी चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को सफलता के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर और राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपको हमेशा यह भी याद रखना होगा कि आगे आपकी भूमिका लोकसेवक की होगी। आपको अपने दायित्वों के निर्वहन में धैर्य, विनम्रता और लोक सेवक की सीमाओं का हमेशा ध्यान रखना होगा। आम जनमानस में प्रशासन का विश्वास कायम रखने की दिशा में आप सभी को संवेदनशीलता से प्रयास करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया है और वह परीक्षा परिणामों में साफ नजर आ रहा है। टॉपर विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए जिम्मेदारी का नया अध्याय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता की सेवा करेंगे और प्रदेश के विकास में योगदान देंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 के टॉप 10 चयनित अभ्यर्थी देवेश प्रसाद साहू, स्वप्निल वर्मा, यशवंत कुमार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली

मुख्यमंत्री साय ने विद्यार्थियों से उनकी तैयारी के अनुभव, परीक्षा के दौरान आने वाली चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के कारण विद्यार्थियों ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन हम सबके लिए गर्व की बात

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 में प्रदेश के युवाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

आज बेबाक

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में मौत की खबर झूठी निकली। इस फर्जी खबर ने पाकिस्तान में इमरान के समर्थकों ने उग्र आंदोलन छेड़ दिया था। अब इमरान खान के समर्थकों की शंका दूर हो गई और इमरान की सलामती की खबर से उन्होंने राहत की सांस ली है। इधर भारत के कुछ खबरिया चैनलों के स्टूडियो में मातम पसर गया है जो लगातार इमरान खान के साथ अनहोनी होने की आशंका जता रहे थे। गनीमत है कि किसी चैनल ने धर्मेन्द्र की मौत की तरह ही इमरान के मरने की झूठी खबर नहीं दिखाई।

बीएचयू परिसर में जमकर बवाल

वाराणसी (वार्ता) काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में मंगलवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर पथराव हुआ। परिसर कुछ देर के लिए जंग के मैदान जैसा बन गया। तोडफ़ोड़ में कई गमले, वाहन और कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस और प्रोविंशियल आम्र्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) बल मौके पर पहुंचा तथा काफी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित की। घटना की शुरुआत राजाराम छात्रावास के पास हुई, जहां एक वाहन ने कथित तौर पर एक छात्रा को टक्कर मार दी। शिकायत करने पहुंचे छात्रों के साथ सुरक्षाकर्मियों की बहस हो गई। दूसरी ओर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कर्मियों का कहना है कि कुछ छात्र एक अन्य लड़के से पहले से ही विवाद कर रहे थे। जब उन्हें रोका गया तो वे सुरक्षाकर्मियों से ही उलझ गए। देखते-देखते बड़ी संख्या में छात्र जमा हो गए और कुलपति आवास के बाहर धरने पर बैठ गए।

मूसलाधार बारिश की मार से तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र बेहाल...

तमिलनाडु (वार्ता)। तटीय तमिलनाडु और राज्य के कुछ आंतरिक हिस्सों में बुधवार को भारी बारिश हुई। इसके साथ ही भारी बारिश की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने आज कई जिलों में स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश की घोषणा की है। चेन्नई और पड़ोसी तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू और कांचीपुरम जिलों में भारी बारिश हुई, जिससे आवासीय क्षेत्रों और मुख्य सड़कों पर अचानक जलभराव हो गया। चेन्नई के उपनगरीय क्षेत्र रेड हिल्स में नौ लोगों को अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के कर्मियों ने नावों के माध्यम से बचाया और राहत शिविरों में ठहराया।

ट्रम्प ने इजरायल से सीरिया से बातचीत जारी रखने का किया आग्रह

वाशिंगटन (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में सीरिया की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है तथा इजरायल और सीरिया के बीच मजबूत बातचीत जारी रखने के महत्व पर बल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका सीरिया के विकास में सहयोग के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है तथा उन्होंने देश पर लगे बहुत कड़े एवं कठोर प्रतिबंधों को हटाने के अपने निर्णय की सराहना की। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में, ट्रम्प ने मध्य पूर्व में शांति के ऐतिहासिक अवसर पर बल दिया और सीरिया के एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरने की बात की।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से क्रय को प्रोत्साहन

■ **जेम पोर्टल में क्रय की स्पष्टता के लिए संशोधन किए जाएंगे**

रायपुर/नवप्रदेश । विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत देने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान - राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत देने के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान राज्य में 01 दिसम्बर 2025 से लागू है, जिसके तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट से बढ़ाकर अब 200 यूनिट प्रति माह तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। यह लाभ 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। राज्य में 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अगले एक वर्ष तक 200 यूनिट तक, बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा, इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके। इस तरह मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान से प्रदेश के 42 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का लाभ प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा। गौरतलब है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से सब्सिडी दी जा रही है, जिसके तहत 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट पर 15,000 रुपये तथा 2 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता के प्लांट पर 30,000 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। यह व्यवस्था राज्य में सौर ऊर्जा अपनाने को प्रोत्साहित करेगी और आने वाले समय में उपभोक्ताओं को हाफ बिजली से फ्री बिजली की ओर ले जाएगी।

प्रतिस्पर्धा को बढावा मिलेगा

छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम, 2002 में स्थानीय लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से क्रय को प्रोत्साहन देने तथा जेम पोर्टल में क्रय की स्पष्टता के लिए संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। इन संशोधन से क्रय प्रक्रिया का सरलीकरण होगा, पारदर्शिता में वृद्धि होगी, प्रतिस्पर्धा को बढावा मिलेगा तथा समय और संसाधनों की बचत होगी। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 (क्र. 21 सन् 2018) में संशोधन हेतु छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना संशोधन विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के रिफॉम्र्स और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़

दंतेवाड़ा- बीजापुर की सीमा में 12 नक्सली ढेर, 3 जवान शहीद

जगदलपुर/नवप्रदेश । दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। एनकाउंटर में 12 माओवादियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में डीआरजी के 3 जवान शहीद हो गए हैं, जबकि एक अन्य जवान घायल है जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी है, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि आज सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है। बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चैतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चैतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गई। लेकिन 15 दिनों के अनुकूल माहौल के बावजूद जब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प

कोयला खदान के एक्सटेंशन पर बिफरे ग्रामीण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अमेरा कोयला खदान विस्तार को लेकर पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प की खबर है. खदान के विस्तार से नाराज उग्र ग्रामीणों के हमले से करीबन 40 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कुछ ग्रामीण भी घायल हुए हैं. स्थिति को संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, लखनपुर थाना क्षेत्र स्थित अमेरा कोयला खदान के एक्सटेंशन से नाराज ग्रामीणों ने लाठी, डंडे, गुलेल और कुल्हाड़ी से पुलिस बल पर हमला कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े हैं. इसके साथ कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों को चोट लगने की खबर है। सरगुजा के लखनपुर के अमेरा खदान के विस्तार को लेकर ग्रामीण और खदान कर्मी पहले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार ने संचार साथी एप के प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता हटाई

■ **कहा-इसकी स्वीकार्यता बढ़ रही**

नई दिल्ली(वार्ता)। संचार साथी एप कर केंद्र सरकार का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार ने फोन में इस एप के प्री-इंस्टॉलेशन को जरूरी नहीं बताया है। दूरसंचार मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट जारी कर इस एप की प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता को हटाने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा, सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है... संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए इसे अनिवार्य प्री-इंस्टॉलेशन न करने का फैसला लिया है।

राजभवनों का नाम लोक भवन करने के कदम पर सरकार-विपक्ष में जुबानी जंग, टीएमसी सांसद पर भड़के नड्डाः । राज्यसभा में बुधवार को शून्यकाल के दौरान राजभवनों के नाम बदलकर लोक भवन करने के फैसले को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त जुबानी जंग छिड़ गई। दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद तृणमूल कांग्रेस की सांसद डोला सेन ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के 25 नवंबर के निर्देश का मुद्दा उठाया, जिसमें सभी राजभवनों का नाम बदलकर लोक भवन करने की बात थी।

राज्यसभा में बहस के दौरान सेन ने कहा, सबसे पहले तो हम कहना चाहेंगे कि न संसद, न विधानसभा और न ही मंत्रिमंडल को इसकी जानकारी है। वे आपसे भी इस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, सर। हालांकि, मामला तब तनावपूर्ण हो गया जब सेन ने मनरेगा सहित अन्य मुद्दे उठाने शुरू किए, जिस पर सभापति ने दखल देते हुए कहा कि विषय से हटकर की गई टिप्पणियां रिकॉर्ड में नहीं जाएंगी।

सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने टीएमसी सांसद के मुद्दे से भटकने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, आपने उन्हें शून्यकाल में राजभवन का नाम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

कार्रवाई... बिहार-छत्तीसगढ़ पासिंग ट्रकों पर बड़ी कार्रवाई, लाखों की धांधली उजागर

दीपक एग्रोटेक राइस मिल में छापा, 326.60 क्विंटल अवैध चावल पकड़ाया

■ **प्रशासन की सख्ती का बड़ा असर, मिल परिसर से 42 लाख से अधिक का चावल जब्त**

कोरिया /नवप्रदेश। धान खरीदी व्यवस्था में सख्ती लाने अपर कलेक्टर श्री सुरेंद्र प्रसाद वैद्य के निर्देशन में आज पोड़ी-बचरा स्थित मेसर्स दीपक राइस मिल एवं दीपक एग्रोटेक राइस मिल पर की गई जांच में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1326.60 क्विंटल अवैध चावल जब्त किया। जब्त चावल की कीमत 42,31,077 रुपए आंकी गई है।

पिछले वर्ष की देनदारी भी भारीः वर्ष 2024-25 की कस्टम मिलिंग के विरुद्ध मिल संचालक द्वारा अब भी 18,394 क्विंटल सीएमआर चावल जमा करना शेष है।

जप्त ट्रकों का विवरणः वाहन क्रमांक बीआर-24 जीडी 0366 में 425.30 क्विंटल चावल, बीआर-24 जीबी 2743 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भौतिक सत्यापन में खुला बड़ा घोटाला

संयुक्त टीम (खाद्य निरीक्षक, जिला विपणन अधिकारी, सहायक पंजीयक) के सत्यापन में पाया गया कि मिल में सिर्फ 12 हजार क्विंटल धान मौजूद था, जबकि एफसीआई-नान में 18 हजार क्विंटल चावल जमा करना जरूरी है, जबकि मौके पर सिर्फ 3 हजार क्विंटल चावल मिला। वहीं 12 हजार क्विंटल धान से अधिकतम 7,200 क्विंटल चावल ही बन सकता है। इस हिसाब से मिलरों को जमा करने के लिए 24 हजार क्विंटल धान की आवश्यकता थी। इससे स्पष्ट है कि बड़े पैमाने पर चावल खपाने व गड़बड़ी का प्रयास किया गया।

बिहार पासिंग ट्रकों में भरा चावल, छग ट्रकों में भी मिला माल

जांच में पाया गया कि दो बिहार पासिंग ट्रकों में 727 क्विंटल चावल लोड था। दो छत्तीसगढ़ पासिंग ट्रकों में 699 क्विंटल चावल मिला। पूछताछ में मिल संचालक ने इसे धर्म कांटा में तौल हेतु लाया जाना बताया, लेकिन प्रस्तुत बिल-व्हाउचर से स्पष्ट हुआ कि यह चावल बिहार से लाया गया अवैध माल है। प्रथम दृष्टया यह चावल एफसीआई और नान गोदामों में खपाने की तैयारी में लाया गया प्रतीत होता है।

सुविचार

आपकी दृष्टि अच्छी है तो आपको दुनिया सुंदर लगेगी और आपकी वाणी अच्छी है तो आप दुनिया को सुंदर लगेंगे। - अज्ञात

टूट की कगार पर महागठबंधन

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार ने अब महागठबंधन को टूट की कगार पर पहुंचा दिया है। राष्ट्रीय जनता दल चुनाव में मिली पराजय के कारणों की समीक्षा कर रहा है और इस नतीजे पर पहुंचा है कि महागठबंधन को इतनी शर्मनाक हार मिलने की एक वजह कांग्रेस पार्टी भी है। जिसने ज्यादा सीटें ली और सिर्फ छह सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। राष्ट्रीय जनता दल के वोट तो कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को ट्रांसफर हो गये लेकिन कांग्रेस के वोट राष्ट्रीय जनता दल को नहीं मिल पाये। अब राजद वालों को भला कौन समझाये कि बिहार में कांग्रेस के वोट ही कितने हैं जिसे वह ट्रांसफर करवाती। कांग्रेस ने तो आधा दर्जन सीटें जीतने में जो सफलता पाई है वही उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। बिहार में एनडीए की जो सुनामी चली थी उसमें कांग्रेस का खाता खुलना ही बहुत बड़ी बात है। बहरहाल महागठबंधन की हार के लिए अब राष्ट्रीय जनता दल जहां कांग्रेस के सिर पर ठिकरा फोड़ रहा है वहीं कांग्रेस के नेता इस पराजय के लिए राष्ट्रीय जनता दल और तेजस्वी यादव को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं का मानना है कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना महागठबंधन की बड़ी भूल थी और इसी वजह से महागठबंधन को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। वामपंथी पार्टियों के नेता भी तेजस्वी यादव पर ही निशाना साध रहे हैं। ऐसे में बिहार में महागठबंधन के टूटने की स्थिति पैदा हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल के जो 25 विधायक जीते हैं उनमें से भी कुछ के पाला बदलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। कांग्रेस के विधायक भी जदयू में शामिल होने के लिए छटपटा रहे हैं। जदयू अपने विधायकों की संख्या बढ़ाना चाहता है ताकि वह बिहार में सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन सके। एनडीए को तो वहां 202 सीटों का प्रचंड बहुमत मिला हुआ है इसलिए उसे राजद या कांग्रेस के विधायकों की कोई जरूरत नहीं है लेकिन जदयू अपनी सीटें बढ़ाने का इच्छुक है ताकि नीतीश कुमार पूरे पांच साल तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहें। कुल मिलाकर बिहार में महागठबंधन की गांठे खुलने का खतरा पैदा हो गया है और इसका असर बिहार के पड़ौसी राज्य झारखंड पर भी पड़ने लगा है। महागठबंधन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को बिहार में प्रतिनिधित्व नहीं दिया था जबकि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महागठबंधन को झारखंड में हिस्सेदारी दी थी। अब हेमंत सोरेन भी पाला बदलने की फिराक में बताये जा रहे हैं। ऐसी अटकलें लगाई जा रही है। कि वे राजद और कांग्रेस से किनारा करके भाजपा के साथ मिलकर झारखंड में सरकार चलाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो यह राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन के लिए करारा झटका साबित होगा।

वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

देश की राजधानी नई दिल्ली और एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। वायु प्रदूषण संकट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए निर्देश दिया है कि सरकार एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करके वस्तु स्थिति से कोर्ट को अवगत कराये। अब 10 दिसंबर को इसकी सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि हर ठंड के मौसम में नई दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है और पूरी दिल्ली एक गैस चैंबर के रूप में तब्दली हो जाता है। नतीजतन लोगों का खुली हवा में सांस लेना भी दूभर हो जाता है। नई दिल्ली में प्रदूषण संकट से निपटने के लिए नई दिल्ली सरकार जो भी प्रयास करती है वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान होता है। राज्य सरकार इसके लिए कभी वाहनों की बढ़ती संख्या को तो कभी पड़ौसी राज्यों के किसानों द्वारा पराली जलाये जाने को कारण बताकर अपने कत्वर्य की इतिश्री कर लेती है। प्रदूषण की विकट समस्या के समाधान के लिए कोई दीर्घकालीक योजना नहीं बनाई जाती। यही वजह है कि साल दल साल नई दिल्ली में प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में भी विपक्ष नई दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को पूरजोर ढंग से उठाने जा रहा है और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी कठोर रूख अख्तियार किया है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए की इस समस्या का समाधान ढूंढा जाएगा।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ शरीर के रोग तो आते-जाते रहते है पर मन का रोग लग गया तो जल्दी जाता नहीं है, जब तक स्वयं का जीवन नर्क न कर ले तब तक यह मानसिक रोग जाता नहीं है इसीलिए शारीरिक रोगी तुम्हरे मित्र मिल जाए तो बना लेना पर मानसिक रोगी कोई मिले तो बाप-बाप करके दूर रहना उनसे । शरीर वाला तो एक दिन ठीक हो जायेगा पर मानसिक रोगी जल्दी ठीक नहीं होते।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1859 मेकटेब-ए मुल्कियाय स्कूल ओटोमन साम्राज्य में स्थापित किया गया। 1872 अमेरिकी ब्रिगेंटाइन मैरी सेलेस्टे को स्पष्ट रूप से उन परिस्थितियों में छोड़ दिया गया था जो आज तक अज्ञात हैं। 1881 लॉस एंजिल्स टाइम्स का पहला संस्करण में प्रकाशित किया गया। 1899 पहली बार टाइफॉइड का टीका मनुष्य को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए प्रयोग किया गया। 1909 पहला ग्रे कप खेल, कैनेडियनफुटबॉल लीग का चैम्पियनशिप खेल आयोजित किया गया था। 1909 दुनिया के सबसे पुराने पेशेवर आइस हॉकी क्लब मॉन्ट्रियल कैनाडीन्स को राष्ट्रीय हॉकीअभियान के चार्टर सदस्य के रूप में स्थापित किया गया था। 1937 के फ्रांसिस अभिनीत राजनीतिक नाटक फिल्म फर्स्ट लेडी जारी की गई। 1943 वर्क्स प्रोग्रेस एडमिनिस्ट्रेशन समाप्त हो गया है। इसे 1930 के दशक में ग्रेट डिप्रेशन की अवधि के दौरान रोजगार प्रदान करने के लिए बनाया गया था। 1952 इंग्लैंड में स्मॉग की घनी परत के छा जाने के कारण हजारों लोगों की जान चली गई थी। 2004 पेरू की मारिया जूलिया मांतिला गार्शिया को मिस वर्ल्ड 2004 चुना गया।

भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना

योगेश कुमार गोयल

भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

भारतीय नौसेना के पराक्रम की अमर गाथा

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई।

भारतीय नौसेना दिवस पर विशेष

नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफइंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रुप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफबने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरूणः' अर्थात् जल के देवता वरूण हमारे लिए मंगलकारी रहें।

भारतीय नौसेना 4 दिसंबर 2025 को तिरुवनंतपुरम के शंगुमुघम बीच पर नौसेना दिवस को भव्य और अद्वितीय ऑपरेशनल प्रदर्शन के रूप में मना रही है। यह आयोजन न केवल 1971 के ऐतिहासिक युद्ध विजय को स्मरण करेगा बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की उभरती सामरिक शक्ति और बढ़ते समुद्री प्रभाव का भी प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर सतह पोतों, पनडुब्बियों और हवाई युद्धक क्षमताओं का शानदार संगम देखने को मिलेगा, जो नौसेना की बहु-क्षेत्रीय तत्परता और सटीक सैन्य संचालन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। पूरे प्रदर्शन का केंद्रबिंदु आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना होगी। स्वदेशी जहाजों, हथियार प्रणालियों और तकनीकी प्लेटफॉर्म की प्रस्तुति यह स्पष्ट संदेश देगी कि भारतीय नौसेना 'मेक इन इंडिया' की आत्मा को वास्तविक शक्ति में बदल रही है। यह आयोजन न केवल तकनीकी उत्कृष्टता, संसाधन क्षमता और ऊर्जावान रणनीतिक सोच का परिचायक बनेगा बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को 'पसंदीदा सुरक्षा साझेदार' के रूप में स्थापित करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा। यह भव्य प्रदर्शन उन वीर पुरुषों और महिलाओं को नमन है, जो अनुशासन, साहस और राष्ट्रनिष्ठा के साथ समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। यह भारतीय नौसेना को एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और युद्ध के लिए सदा तत्पर बल के रूप में स्थापित करने का सशक्त घोष है।

भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था।

वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया।

ओटीटी की अश्लीलता - साहित्य परिषद् व सर्वोच्च न्यायालय गंभीर

डॉ. प्रवीण गुगनानी

भारत राष्ट्र की, जन-मन की विश्वबोध क्षमता के प्रकटीकरण, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर अग्रसर होने के मध्य निश्चित ही यह चिंतनीय प्रस्ताव और यह मांगपत्र स्वयं में एक प्रकाशस्तम्भ की भाँति समाज का मार्ग आलोकित कर रहा है। साहित्य परिषद् ने भारत सरकार से, राज्य सरकारों से माँग की है कि 1. ओ टी टी प्लेटफॉर्म एवं गेमिंग एप्पस पर प्रसारित होने वाली प्रत्येक सामग्री के परीक्षण, नियमन, और वर्गीकरण हेतु शासन द्वारा एक सशक्त, स्वायत्त विधायी नियामक संस्था का गठन किया जाए। 2. डिजिटल माध्यमों में प्रस्तुत किसी भी दृश्य संवाद याविवार को भारत की संविधानिक गरिमा, धार्मिक आस्था, सातकृतिक मूल्यों या सामाजिक मर्यादा और सनातन परंपरा को आहत करते हों, उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। 3. किशोरों और युवाओं के लिए उपयुक्त सामग्री के आयु आधारित नियंत्रण तंत्र को अनिवार्य बनाया जाए।

नवम्बर माह में विमर्श क्षेत्र में दो बड़ी घटनाएँ घटी। दोनों अति महत्वपूर्ण हैं और दोनों ही में गहन अंतरसंबंध है।

घटना एक - नवंबर प्रारंभ मे अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने अपने 17 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही अश्लील, संस्कृति विरोधी सामग्री के विरुद्ध अपनी चिंता प्रकट की और इसके विरुद्ध एक प्रस्ताव पारित कर राष्ट्र के शासन, प्रशासन, जनता के समक्ष अपनी चिंता को प्रकट किया है।

अभासाप अर्थात् राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संवैचारिक संगठन, अखिल भारतीय साहित्य परिषद्। यह संगठन भारत में जन्मी सभी भाषा, बोलियों, लिपियों के सरंक्षण, संवर्धन, संवरण का कार्य करता है। अपने षष्ठिपूर्ति वर्ष की ओर बढ़ रहे इस संगठन का ताप, व्याप और आलाप समूचे विश्व में देखा-सुना जा सकता है।

घटना दो - नवम्बर के अंत में ही, देश के उच्चतम न्यायालय ने भी भारतीय ओटीटी नियमन, इस पर प्रसारित हो रही अश्लीलता व मूल्यहीनता पर चिंता प्रकट की है।

भारतीय समाज जैसे संज्ञावान, प्रज्ञावान समाज में ऐसी स्थिति बनी ही क्यों? इस प्रश्न का उत्तर स्वयं समाज को खोजना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संघ के संवैचारिक संगठन समाज की किसी भी समस्या के सदंर्भ में एक सीमा तक चुप ही रहते हैं किंतु समाज में 'असंगत घटनाओं' के संदर्भ में अदृश्य रूप से विमर्श अवश्य जागृत करते रहते हैं। जब इस विमर्श से भी काम नहीं चलता एवं समाज जागृत नहीं होता है तब ही संघ या संघ के संवैचारिक संगठन सार्वजनिक रूप से किसी कार्य के सूत्रों को अपने हाथों में लेते हैं। ऐसी स्थिति में भी संघ सूत्रधार तो रहता है किंतु उसे नेपथ्य में ही रहना रुचिकर लगता है। इस हेतु से

ही साहित्य परिषद् ने ओटीटी की अश्लीलता, गेमिंग एप्स के घातक परिणामों के प्रति समाज जागरण का यह कार्य प्रारंभ किया है।

ये दोनों ही घटनाएँ एक स्वस्थ, संपन्न, व समृद्ध राष्ट्र हेतु एक शुभ लक्षण हैं। यद्यपि इस प्रकार का प्रसारण प्रारंभ ही नहीं होना चाहिए था। अब शीघ्र ही बंद हो ही जाना चाहिए।

साहित्य परिषद् ने समाज में भौतिकता वादी शक्तियों, बाजारवाद, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की नकारात्मकता, समाज विरोधी स्वरूप, जीवन मूल्य विहीन प्रसारण आदि पर अपनी चिंता, राष्ट्र के समक्ष प्रकट की है।

साहित्य परिषद् ने मनोरंजन के नाम पर प्रसारित इस गंदगी को अत्यंत लज्जास्पद एवं निंदनीय बताया है। परिषद् ने चेताया है कि, ये सामग्री युवावर्ग और बालमन व मस्तिष्क में उग्रता, अश्लीलता, विकृत यौनाचार और नशाखोरी जैसे दुराचारों को महिमा मंडित कर उन्हें अधोपतन की ओर अग्रसित कर रही है। इन माध्यमों में प्रदर्शित अधिकांश दृश्य व सामग्री नकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाली होती है।

साहित्य परिषद् ने ओटीटी के माध्यम से चल रहे गेमिंग एप्स और उससे बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति को भी राष्ट्र के संज्ञान में लाया है। परिषद् ने अपने पारित प्रस्ताव में ओटीटी पर प्रसारित होने वाली अधिकांश सामग्री को भारतीय जीवन मूल्यों

पर आघात करने वाली, राष्ट्र के स्वरूप व छवि को विकृत करके प्रस्तुत करने वाली सामग्री बताते हुए अपनी चिंता प्रकट की है। परिषद् ने कहा है कि ऐसी सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण समाज एवं राष्ट्र जीवन के लिए अत्यधिक घातक है।

विगत कुछ वर्षों में भारत राष्ट्र में 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के नाम पर कुछ भी वितंडा उत्पन्न किए जा रहे हैं। 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के पश्चिम कुबोध ने या यूँ कहे कि इसकी 'पश्चिमी प्रेत छाया' ने भारत में अभिव्यक्ति के अर्थों को पुनर्परिभाषित की आवश्यकता इंगित कर दी है। अब समाज इस अभिव्यक्ति को पुनर्परिभाषित करे या यूँ ही ओटीटी पर अश्लीलता व ऑनलाइन गेमिंग से बर्बाद होती अपनी पीढ़ी के प्रति आँखे मूँदे रहे; यही दो मार्ग हैं। एक मार्ग चुनना है, विकास या विनाश; यही युगधर्म है।

इस अनुरूप साहित्य परिषद् ने कहा है - "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि समाज की गरिमा और नैतिकता को नष्ट करने की छूट दी जाए। स्वतंत्रता और अनुशासन, सृजन और मर्यादा, ये दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।"

साहित्य परिषद् ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में आगामी तीन वर्षों हेतु 'आत्मबोध से विश्वबोध' पर चिंतन, मनन, अध्ययन का वैचारिक मार्ग निश्चित किया है। आत्मबोध करते हुए ही यह विकृति ध्यान में आती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आप काम बढ़िया

आप काम बढ़िया कर रहे जनता दिल खोल के वोट दे रही तो फिर संचार साथी एप को प्री इंस्टाल जरुरी क्यों ? आखिर किस बात का डर है अपनी ही जनता से जो उनके मोबाइल को जबर्दस्ती निगरानी में रखना ? 11 सालो में न सायबर फ्राड ठीक से बन्द करा पाये न ही डिजिटल धोखाधड़ी अपनी नाकामी छुपाने यदि संचार साथी एप को प्री इंस्टाल करके उसे जनता को डिलीट करने का ऑप्शन नही दिया जाएगा तो सरकारी निगरानी की आशंका बनेगी ही मन मे आज सिंधिया ने सदन में जो कहा उसे आदेश रूप में जारी करें क्योंकि सदन में कुछ और हकीकत में अलग ये तो 11 सालों से दिख ही रहा है। - **संत आर थवाइत**

बनाया अक्स रब

बनाया अक्स रब ने है मुकम्मल प्यार में ढलकर गुजारी उम्र हमने भी किसी किरदार में ढलकर नुमाइश मुस्कुराहट की रहे पोशीदा दर्द-ए-दिल 'तनुज' ने लिख दिए जज्बात-ए-दिल अशआर में ढलकर। - **सतीश मैथिल तनुज**

हम नसीहत से मिल नहीं पाये एक

हम नसीहत से मिल नहीं पाये एक जिद्दत से मिल नहीं पाये दिल नहीं हाथ हम मिलाते रहे हम मुहब्बत से मिल नहीं पाये वक़्त के चाक पर हैं घूम रहे अपनी चाहत से मिल नहीं पाये रोज़ सजदा खुदा की करते हैं हम ज़रूरत से मिल नहीं पाये झूट की राह पर हैं अक्सर लोग क्यूँ सदाक़त से मिल नहीं पाये आप रहते मेरे ही दिल में हैं मुझसे मुद्दत से मिल नहीं पाये रोज़ रहते हैं एक घर में जो वो सख़ावत से मिल नहीं पाये क्या कहें दर्द आपसे 'ऐनुल' हम तो शिद्दत से मिल नहीं पाये। -**'ऐनुल' बरौलवी**

टपकती छत को देख कर पानी की क़ीमत

टपकती छत को देख कर पानी की क़ीमत ना रही!! सुखी आँखों में अब छलकने की हिम्मत ना रही!! झोपडी से गुजरती हवा की सिंहरन, कानों में मेरे कुछ यु कह गयी!! ये वक़्त की बात है वक़्त किसी के ना साथ हैं!!

- मोनिका शर्मा

जो उदार और सहिष्णु थे वे सक्षम नहीं थे

जो उदार और सहिष्णु थे वे सक्षम नहीं थे अपने औदार्य और करुणा से विवश वे लोग और भी असक्षम होते गए. जो सक्षम और समर्थ थे वे क्रमशः घटियापन की सारी सीमाएं लांघ गए. जिन्होंने अन्यों की आर्द्र करुणा को स्वयं का अधिकार समझा वे परजीवी पुष्ट होकर फूलते फलते रहे। कृतघ्नों की ढिठाई चरम पर थी अपने आश्रय का दोहन करते वे, अश्लीलता पे इतराते थे। - **आरती तिवारी**

सुबह सुबह ईश्वर का नाम लेने से भले

सुबह सुबह ईश्वर का नाम लेने से भले ही आपके जीवन में कोई परिवर्तन न हो लेकिन आपके आत्मबल में वृद्धि अवश्य होती है। मन को मजबूती मिलती है। अकेले पड़े इंसान को भी ऐसा लगता है कि कोई उसके साथ खड़ा है। कोई सहारा देकर उसे आगे बढ़ा रहा है। इसलिए अपने इष्ट का नाम जरूर लेना चाहिए। ईश्वर सबका एकमात्र अंतिम सहारा है।

- प्रियंका प्रियदर्शनी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप अपने हास्य भरे व्यवहार से आस पास का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे।

वृषः आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहने वाला है।

मिथुनः आज का दिन भी आपके धन कोष अथवा अन्य सुख के साधनों में वृद्धि करेगा। कार्य व्यवसाय में पहले से चल रही योजना फलीभूत होने से धन की आमद होगी।

कर्कः आज का दिन सिद्धिदायक है लेकिन आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी योजना बनाकर ही करें।

सिंहः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। पूर्व में किये शुभकर्मों का फल आज किसी ना किसी रूप में अवश्य मिलेगा।

कन्याः आज आप दिनभर शारीरिक समस्या से जूझेंगे मौसमी बीमारियों का प्रकोप परिवार के सदस्यों को भी प्रभावित करेगा।

तुलाः आज आप अपनी व्यवहार कुशलता से बिगड़े कार्यो को भी बनाने की क्षमता रखेंगे। खान-पान संयमित रखें सेहत खराब हो सकती है।

वृश्चिकः आज के दिन आप दैनिक कार्यो में व्यस्त रहेंगे। आकस्मिक कार्य आने से यात्रा अथवा अन्य आवश्यक कार्य निरस्त करने पड़ेंगे।

धनुः आज आपको पूर्व में की किसी गलती अथवा आचरण का अफसोस होगा गलती मान लेने पर आपसी मतभेद शांत होंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा।

मकरः आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है। दिन के आरंभ से ही मन मे अकारण क्रोध रहेगा।

कुंभः आज आपको अपनी बुद्धि चातुर्य पर गर्व रहेगा। दिनचर्या संयमित ना रहने से सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

मीनः आज का दिन साधारण रहेगा आज आप अपनी व्यक्तिगत उलझनों के कारण अन्य लोगो को परेशान करेंगे।

सूर्योदय : 07:04, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदयः : 15:35, चन्द्रास्तः :30:07, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : शिव, प्रथम करण : तैतिल (12:25 तक), द्वितीय करण : गर (22:33 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : वृष (23:14 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी),शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) टी हॉर्स रोड ने चीन को किन दो प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ा था?

2) फेस्टिवल ऑफ लेटर्स 2025 कहां आयोजित किया गया था?

3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?

4) दुनिया का सबसे बुद्धिमान जानवर किसे माना जाता है?

5) एक नई मांसाहारी कैटरपिलर, जिसे बोन कलेक्टर कहा जाता है, हाल ही में किस स्थान पर खोजी गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तिब्बत और भारत (2) नई दिल्ली (3) कटक (4) चिम्पांजी (5) हवाई द्वीप

कार्टून

भाजपा का अहंकार बनाम राहुल गांधी की इंसानियत

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि गुजरात में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा मंच में भाषण दे रहे थे। मंच के पास सुरक्षा कर्मी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ाता है।लेकिन नड्डा का भाषण चलता रहाता है। ये बेहद ही निंदनीय है मंच पर बैठे किसी भाजपा नेता ने उठकर उक्त जवान का हालचाल तक नहीं पूछा। भाजपा नेताओं की संवेदनहीनता देश ने देख लिया। यही दृश्य एक सवाल छोड़ जाता है। आखिर इतना अहंकार गुरूर क्यों? क्या संवेदना सत्ता से बड़ी नहीं होनी चाहिए?भाजपा में इंसान से ऊपर इवेंट और इमेज कैसे हो गया?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की संवेदनहीनता के कारण देश प्रदूषण से कराह रहा है, युवा बेरोजगारी से टूट रहे हैं, किसानो की आत्महत्या की घटना घट रही है महंगाई ने हर घर का बजट बिगाड़ दिया है।लेकिन भाजपा के नेताओं और इनकी सरकारों को कोई फर्क नहीं पड़ता।जनता की पीड़ा इनके भाषण बाधित नहीं करती।

प्रधानमंत्री 'मन की बात' में व्यस्त हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोदी गान में मस्त है। जनता महंगी बिजली,बढ़ती बेरोजगारी,भ्रष्टाचार की लूट से त्रस्त है। आपराधिक घटनाओं से छत्तीसगढ़ थर्रा रहा है।लेकिन भाजपा के नेता सत्ता के नशे में मदमस्त है जनता को ठीक उसी तरह जैसे इस वीडियो में सुरक्षा कर्मी गिरा पड़ा था, भाजपा ने उसे उसके हाल पर छोड़ दिया। ठीक उसी तरह जनता को भी इन लोगों ने उसके हाल पर छोड़ रखा है।

व्यापक तैयारी हेतु कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक

- स्वदेशी संकल्प यात्रा 9 को रायपुर पंहुचेगी
- व्यापारिक संगठनों ने स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के भव्य स्वागत हेतु सहमति दी

रायपुर/नवप्रदेश। स्वदेशी संकल्प यात्रा के रायपुर आगमन को लेकर शहर भर मे उत्साह का का माहौल है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित यह यात्रा प्रदेश के व्यापारिक जगत, उद्यमियों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों में नई ऊर्जा का संचार कर रही है। स्वदेशी संकल्प यात्रा आगामी 9 दिसम्बर को रायपुर पंहुचेगी जिसकी यात्रा के स्वागत एवं कार्यक्रमों की तैयारियाँ हेतु आज कैट प्रदेश कार्यालय में कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा आगामी 9 दिसम्बर को रायपुर पंहुचेगी, स्वदेशी संकल्प यात्रा को भव्य एवं प्रभावी रूप से सफल बनाने हेतु पदाधिकारियों की बैठक हुई। उन्होनें आगे बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि स्वदेशी विचार को जमीनी स्तर तक ले जाया जाए और हर नागरिक को ÷स्वदेशी बेचो - स्वदेशी खरीदो÷ का संकल्प दिलाया जाए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से देश की (जीडीपी) अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाता है, आयात पर निर्भरता कम करता है और स्थानीय संस्कृति तथा हस्तशिल्प को संरक्षित करने में मदद करता है।

इसके अतिरिक्त, यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है, क्योंकि इससे परिवहन की आवश्यकता कम होती है, हम बाजार के दुकानदारों के साथ ग्राहकों से भी अपील कर रहे हैं कि स्वदेशी अपनाकर भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करें, चूंकि देश का पैसा देश में रहेगा तो हम लोग उन्नति करेंगे। हम भारतीय हैं और हमारा फर्ज बनता है कि हम भारतीय वस्तुओं को ही खरीदें।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जयंती पर राज्यपाल ने किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जयंती पर आज राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। राज्यपाल रमेन डेका ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।इस अवसर पर लोकभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी डॉ. शुक्ल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों एवं मूल्यों का स्मरण किया।

राज्य वीरता पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित 20 दिसंबर अंतिम तिथि

रायपुर/नवप्रदेश। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों द्वारा किसी विशेष घटना में प्रदर्शित अदम्य साहस एवं अनुकरणीय बुद्धिमत्ता के सम्मान के लिए राज्य वीरता पुरस्कार 2025 प्रदान किए जाने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस पुरस्कार के अंतर्गत कुल 05 बालक, बालिकाओं को रुपए 25,000 की प्रोत्साहन राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम ने इस पुरस्कार के लिए पात्र बच्चों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक बालक, बालिकाएँ अथवा उनके अभिभावक पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं आवश्यक सभी दस्तावेजों सहित अपना आवेदन 20 दिसंबर 2025 को सायं 05: 30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, कबीरधाम में प्रस्तुत कर सकते हैं।आवेदन सीलबंद लिफाफे में जमा किया जाना अनिवार्य है तथा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से ÷राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2025÷ अंकित होना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत दिशा-निर्देश एवं आवेदन का निर्धारित प्रारूप कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम के सूचना पटल पर तथा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

भरतनाट्यम सब जूनियर कैटेगरी में स्वानंदी उपविजेता

रायपुर/नवप्रदेश। नव्य नाटक समिति और तेलंगाना संगीत नाटक अकादमी, डिपार्टमेंट ऑफ लेंग्वेज × कल्चर, तेलंगाना सरकार के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय आल इंडिया म्यूजिक एवं डांस काम्पीटिशन में स्वानंदी वंजारी भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर सब जूनियर कैटेगिरी में उपविजेता रहीं। डीडी नगर रायपुर निवासी अंकुर वंजारी की बेटी स्वानंदी ने बताया कि आयोजन में कलाकारों को लाइव आर्केस्ट्रा के साथ अपनी-अपनी प्रस्तुति देनी थी। इसमें स्वानंदी ने मनमोहक भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। 12 वर्षीय स्वानंदी ने जी. रतीश बाबू के मागदर्शन प्रस्तुति देकर स्पर्धा के सब जूनियर कैटेगरी में उपविजेता रहीं।23 दिसंबर को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना हार्डकोर्ट के जस्टिस लक्ष्मीनारायण अलीसेठी, तेलंगाना सरकार के सेवानिवृत्त सलाहकार डा. केवी रमन चेरी और तेलंगाना शासन के ट्रेजरी और एकाउंट विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जी वसुंधरा उपस्थित थीं।

डबरी निर्माण से बदली खुड़िया के किसान कुंवर सिंह की किस्मत

- मत्स्य पालन से कमा रहे 3.60 लाख रुपये वार्षिक

रायपुर/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के विकासखंड लोरमी अंतर्गत ग्राम पंचायत खुड़िया के किसान कुंवर सिंह ने मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत डबरी निर्माण से अपनी आजीविका में उल्लेखनीय सुधार किया है। मनरेगा के तहत डबरी निर्माण ने न केवल कुंवर सिंह के खेतों में हरियाली लौटाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी समृद्ध बनाया है। वर्षों से खेतों में सिंचाई सुविधा के अभाव के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा था और किसान वर्षा आधारित खेती पर ही निर्भर थे। गर्मी के मौसम में खेत सूख जाते थे, जिससे आय सीमित हो जाती थी और परिवार आर्थिक तंगी का सामना करता था।

महात्मा गाँधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ग्रामीण आजीविका सुधार के उद्देश्य से ग्राम पंचायत खुड़िया में कुंवर सिंह की निजी भूमि पर डबरी निर्माण स्वीकृत होने के उपरांत स्थल निरीक्षण और तकनीकी स्वीकृति के बाद ग्राम पंचायत द्वारा कार्य को पूर्ण कराया गया। कार्य पूर्ण होने के बाद किसान को एक गहरी, सुव्यवस्थित और वर्षा जल संग्रहण में सक्षम डबरी प्राप्त हुई। डबरी निर्माण के बाद कुंवर सिंह बहुआयामी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही अब वे पूरे वर्ष खेतों की सिंचाई कर पा रहे हैं, जिससे दोहरी फसल उत्पादन से आय में वृद्धि हुई है। डबरी में मत्स्य पालन कर वे 3.60 लाख रुपये वार्षिक अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही डबरी की मेड़ों पर सब्जियाँ, अरहर सहित अन्य फसलें उगा रहे हैं, जिससे पशुओं के लिए हरा चारा भी उपलब्ध हो रहा है।

जिला पंचायत के अधिकारियो ने बताया कि कुंवर सिंह की मेहनत और इच्छा शक्ति के साथ मनरेगा संरचना ने उनकी आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार किया है। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण दर्शाता है कि मनरेगा संरचनाएँ आजीविका संवर्धन में अत्यंत प्रभावी हैं तथा हितग्राही न केवल स्थायी परिसंपत्तियाँ प्राप्त करते हैं, बल्कि मजदूरी के माध्यम से तत्काल आय भी अर्जित करते हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा के पैरा-5 अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को डबरी निर्माण, पशु शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड, सूअर शेड और कुएँ जैसे हितग्राही मूलक कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण परिवारों को आजीविका सुधार का सशक्त अवसर मिल रहा है।

रिंग फाइट के खिलाड़ियों ने किया किक और पंच का अभ्यास

- पश्चिम बंगाल में 12 से 14 दिसंबर तक होगी 9वीं नेशनल फाइनल चैम्पियनशिप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की टीम अपने विजयी लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार कड़ी मेहनत और पसीना बहा रही है। हर शनिवार और रविवार को टीम संत ज्ञानेश्वर स्कूल पहुंच अभ्यास कर रही है। बीते शनिवार को टीम ने किक और पंच का अभ्यास किया। बतादें कि पिछले वर्ष टीम ने आंध्रप्रदेश में तीन स्वर्ण सहित कुल 10 पदक अपने नाम किया था।

छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के सचिव और कोच ओपी कटारिया ने बताया कि इस खेल में टाइमिंग और पावर का सही इस्तेमाल ही जीत का आधार होता है। रस्सा खींच के बाद यह दो राउंड बेहद आवश्यक होता है। जो आपको जीत की ओर ले जाता है। किक और पंच सही टाइमिंग, प्लेस और पावर का होना बेहद जरूरी है। रिंग फाइट का खेल तीन राउंड का होता है। पहला राउंड रस्सा खींच है। इसके लिए प्रतिभागी को महज 15- 20 सेकंड दिया जाता है। दूसरा राउंड पंचेस फाइट का होता है। इसके लिए दो मिनट का समय निर्धारित होता है। दोनों खिलाड़ी एक- दूसरे के चेहरे पर पंच बरसाते हैं। तीसरा राउंड किक्स का होता है। इसमें प्रतिभागी प्रतिस्पर्धी पर दो मिनट में ही फ्री स्टाइल में फाइटिंग करते हैं। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि अनुभवी कोच ओपी कटारिया और वरिष्ठ खिलाड़ी वर्तिका क्षीरसागर के मार्गदर्शन में टीम समन्वय, अनुशासन और इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किए गए। पवनी ओगले, रेशु जायसवाल, तन्वी साई, यशिका साहू, आयुष्मान कालेले, विहान कालेले, गौरव हिमने, अनीष जायसवाल, अभिमन्यु, पुष्कर साहू, आदित्य नारायण, तुषार वर्मा और रोनक वर्मा अभ्यास में जुटे थे।

वन मंत्री कश्यप से एसईसीएल के सीएमडी ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप से आज नया रायपुर स्थित उनके निवास, कार्यालय में एसईसीएल के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) हरीश दुहन ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान एसईसीएल के डायरेक्टर (एचआर) बिरंची दास भी उपस्थित थे। भेंट के दौरान वन मंत्री कश्यप को सीएमडी दुहन ने एसईसीएल द्वारा राष्ट्र निर्माण, ऊर्जा सुरक्षा और छत्तीसगढ़ में किए जा रहे सी एस आर आधारित विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि एसईसीएल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और समुदायों के उत्थान के लिए आगे भी निरंतर कार्य करता रहेगा। मंत्री केदार कश्यप ने एसईसीएल के योगदान की सराहना की और कहा कि कंपनी प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

रामकृष्णन चंदर ने भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्णन चंदर को 1 दिसंबर 2025 को भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्हें 1 दिसंबर 2025 की भारत सरकार की अधिसूचना के तहत प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

चंदर 1990 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम में शामिल हुए और उन्होंने बरिष्ठ मंडल प्रबंधक, विपणन एवं पेंशन एवं समूह योजनाओं के क्षेत्रीय प्रबंधक, और भारतीय जीवन बीमा निगम की अंतर्राष्ट्रीय परिचालन रणनीतिक व्यावसायिक इकाई के कार्यकारी निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है। भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में उन्हें 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है। प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी पदोन्नति से पहले, उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) और निवेश (फ्रंट ऑफिस) विभाग के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया।

चंदर विज्ञान जातक हैं और वित्तीय प्रबंधन में जातकोत्तर डिप्लोमा धारक हैं। वे इन्शुरन्स इन्स्टीट्युट ऑफ इंडिया के फेलो भी हैं। उनका करियर मज़बूत रणनीतिक और परिचालन नेतृत्व से चिह्नित है, उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम के निवेश पोर्टफोलियो और अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है। सीआईओ के रूप में, चंदर ने भारत के सबसे बड़े निवेश पोर्टफोलियो में से एक का नेतृत्व किया और बीमा क्षेत्र में भारतीय जीवन बीमा निगम के वित्तीय प्रदर्शन और नवाचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में, निवेश प्रतिफल में वृद्धि हुई और पॉलिसीधारकों को बेहतर मूल्य प्राप्त हुआ।

रबी फसलों के लिए फसल बीमा पोर्टल चालू

अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने रबी मौसम 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल चालू कर दिया है। यह योजना किसानों को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलभराव, कीट-व्याधि और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करती है। पिछले वर्ष रबी सीजन में फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर जिले के 28,037 किसानों को 48 करोड़ 62 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया था। इस वर्ष जिले के 420 से अधिक अधिसूचित ग्रामों के किसान अपनी रबी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तय की गई है।

इस बार गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, चना, अलसी और सरसों जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा सकेगा। योजना में ऋणी, अऋणी, भू-धारक और बटाईदार सभी प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसल बोने वाला हर इच्छुक किसान इस योजना का लाभ उठा सकता है।

प्रीमियम दरों के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर गेहूं सिंचित के लिए 690 रुपये, गेहूं असिंचित के लिए 405 रुपये, चना के लिए 645 रुपये, अलसी के लिए 315 रुपये और सरसों के लिए 375 रुपये जमा करने होंगे।

किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र या भारत सरकार के बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि, राजस्व, बैंक या बीमा कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

भाजपा सरकार का हर निर्णय जन विरोधी है : कांग्रेस

- एक विधायक की ज़िद पर स्काईवॉक बना रहे,
- चौपाटी पर बुल्डोजर चला, अनाप शनाप गाइडलाइन

रायपुर/नवप्रदेश। गाइडलाइन दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि पर सरकार के अड़ियल रवैये पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि प्रदेश के व्यापारी पहले ही ट्रेड लाइसेंस और गुमास्ता के हर साल नवीनीकरण के बदले हुए नियम से परेशान हैं, अब गाइडलाइन की दरें जिस प्रकार से बढ़ाई गई है उससे जनता में यह सवाल आम है कि आखिर यह सरकार है किसकी? जनता की तो दिखती नहीं है। बिना किसी सलाह मशवरे के बिना सुझाव बिना दावा आपत्ति के अचानक जमीनों की गाइडलाइंडर कई गुना बढ़ा दी गई इसके विरोध में प्रदेश की आम जनता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही है। इस अलोकतांत्रिक सरकार में असहमति के लिए कोई स्थान नहीं है, सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को कुचलने के लिए बर्बरता पर उतर आई है, महिलाओं और कारोबारियों को पीटा जा रहा है, लाठी डंडे और लात घुसे चलाए जा रहे हैं, जेल भेजे जा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सत्ता के अहंकार में भारतीय जनता पार्टी के नेता जमीन कारोबारीयों को अपराधी के तौर पर प्रस्तुत कर रही है, किसानों, गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों के द्वारा भूखंड खरीदने वालों को भ्रष्टाचारी बता रही है, क्या जमीन की खरीदी बिक्री करना इस सरकार में अपराध हो गया है? रोजी, रोजगार, नौकरी तो यह सरकार दे नहीं पा रही, यदि कोई व्यक्ति जमीन के कारोबार से अपना परिवार पाल रहा है, तो इस सरकार में वह अपराधी हो गया?

■ न्यूज गैलरी

कोटवार नियुक्ति पर विवाद वंशज हुआ नज़र अंदाज़

सारंगढ़ / नवप्रदेश। जिले के कोसीर भांठागांव में कोटवार पद पर हाल ही में की गई नियुक्ति को लेकर गंभीर असंतोष व्याप्त है । आरोप है कि - परंपरागत रूप से कोटवारी पद पर वंशानुगत नियुक्ति की प्राथमिकता होते हुए भी पूर्व कोटवार के परिवार की उपेक्षा कर एक गैर - वंशज व्यक्ति को नियुक्त कर दिया गया । गांव के पूर्व कोटवार स्व. अमरदास पिता मकुंद दास लगभग तीन माह पूर्व लकवाग्रस्त हो गए थे। उनके असमर्थ होने पर तहसीलदार के सुझाव पर उनके परिवार द्वारा कोटवारी दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा था । बताया गया कि - स्वयं तहसीलदार ने पूर्व कोटवार को त्यागपत्र देने व परिवार के सदस्य को आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी थी । पूर्व कोटवार के बड़े पुत्र मिश्वरी दास ने उक्त सलाह के अनुसार कोटवार पद हेतु बाकायदा आवेदन प्रस्तुत किया । इसी बीच तहसील दार कार्यालय द्वारा रिक्त पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया, जिसमें गांव के कुल 23 आवेदकों ने आवेदन जमा किए। स्थानीय कोटवार संघ का कहना है कि प्रक्रिया के दौरान मिश्वरी दास को लगातार आश्वासन दिया जाता रहा कि - नियुक्ति उन्हीं को मिलेगी। किन्तु, आश्चर्य जनक रूप से अंतिम आदेश में मिश्वरी दास को नियुक्त न कर एक अन्य परिवार के व्यक्ति प्रदीप लहरे को कोटवार नियुक्त कर दिया गया । इस निर्णय से न केवल पूर्व कोटवार के परिवार में बल्कि पूरे तहसील व जिले के कोटवार समुदाय में रोष व्याप्त है । कोटवार संघ ने पूर्व में ही तहसीलदार से निवेदन किया था कि - नियुक्ति प्रक्रिया में भूतपूर्व कोटवार के परिवार के साथ अन्याय न हो, इसके बावजूद नियुक्ति आदेश जारी किए जाने पर संघ ने नाराज़गी जताते हुए नियुक्ति की पुनः समीक्षा तथा आदेश निरस्त करने की मांग की है ।

. ग्राम कलगांव में ग्राम पटेल का सर्वसम्मति से चयन

अंतागढ़/ नवप्रदेश। आज ग्राम पंचायत कलगांव में आयोजित ग्रामसभा/बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पटेल का चयन किया गया। ग्राम के परंपरागत गावड़े परिवार द्वारा पूर्वजों से निभाई जा रही पटेली की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज ग्रामवासियों ने श्री प्रभुराम गावड़े पिता श्री दुखरूराम गावड़े को नए ग्राम पटेल के रूप में चुना।ग्रामवासियों ने पूर्ण सहमति से उन्हें यह दायित्व सौंपा और पटेल की जिम्मेदारी निभाने हेतु शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलगांव की सरपंच प्रमिला नरेन्द्र नाग सहित ग्राम के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं आम ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नव-चयनित पटेल को बधाई देते हुए कहा कि वे गांव के राजस्व कार्यों सहित अन्य समस्त सामाजिक, सामुदायिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएँ, जिससे गांव में आपसी एकता, भाईचारा, सुख-शांति और समृद्धि का वातावरण कायम रहे।ग्राम पंचायत कलगांव की ओर से नव निर्वाचित पटेल को शुभकामनाएँ एवं सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएँ।

आज ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव में खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 04 दिसंबर को सुबह 10 बजे से नरहरदेव स्कूल कांकेर में किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य तथा व्यक्तिगत लोकनृत्य, तथा व्यक्तिगत लोकगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही लाइफस्किल कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला, तात्कालिक भाषण एवं कविता गायन प्रतियोगिता भी होगी। विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के विज्ञान मेला भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा युवा कृति प्रदर्शनी के अंतर्गत हस्तशिप, टेक्सटाइल तथा कृषि उत्पाद प्रदर्शन की भी प्रतियोगिताएं हांगी। महिला खेल स्पर्धा का आयोजन उन्मुक्त खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा, इसमें एथलेटिक्स में 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ तवा फेंक, टीम खेलों में खो-खो, बैटमिंटन,वॉलीबॉल तथा मनोरंजक खेल रस्साकसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

छोटे और सीमांत किसानों के टोकन काटने में कोई बाधा ना हो : कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे

■ **किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो**

सारंगढ़ / नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने बुधवार को सारंगढ़ और कोसीर क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। कोसीर उपार्जन केंद्र क्षेत्र में कलेक्टर ने तहसीलदार शनि पैकरा और पटवारी के के साहू को अतिक्रमण हटाने का काम पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डॉ संजय कन्नौजे ने सभी समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि, किसान जब धान बेचने आये तो गेट पास ऐप से समयबद्ध किसानों का फोटो अपलोड एंट्री करें। छोटे एवं सीमांत किसानों को टोकन काटने में कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, नमी मापक यंत्र, स्टेकिंग व्यवस्था, किसानों के धान को फड़ के माध्यम से खरीदी करने, सभी आवश्यक प्रबंधों का बारीकी से जांच कर अच्छे प्रकार से धान खरीदी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी प्रत्येक शनिवार को खरीदी किए गए धान का भौतिक सत्यापन करने एवं कोचियों के धान पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। दौरे में सहायक आयुक्त सहकारिता व्यास नारायण साहू, खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार शनि पैकरा उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किसानों से सीधे संवाद कर धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं एवं उपार्जन प्रक्रिया का फीडबैक लिया

धान खरीदी केंद्र लेंधरा में किसान जगेसर साहू, लक्ष्मी प्रसाद चौहान, छतराम साहू, रक्सा में किसान अशोक जांगड़े, रामनामी शंकर अनंत, कोसीर में नवधा राम जांगड़े, राजेश कुमार सुमन, बाबूलाल साहू, धान खरीदी केंद्र गाताडीह में कुंजराम भुजबल आदि किसानों से कलेक्टर ने सीधे संवाद कर उनसे उनके कितनी भूमि, कितने एकड़ में धान उत्पादन, फसल कैसा हुआ, पिछले साल की तुलना में इस वर्ष धान की उपज कम या ज्यादा हुआ, टोकन समिति या एप्प कहाँ से कटवाए, खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं एवं कमी के संबंध में फीडबैक लिया। किसानों ने अपनी जानकारी देते हुए धान खरीदी केंद्र के व्यवस्था का सराहना किया।

जिले में 6 हजार 32.80 क्विंटल धान की खरीदी

नारायणपुर/ नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत् राज्य शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर जिले के पंजीकृत किसानों से विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों के जरिये अनवरत रूप से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन में जिले के 17 केन्द्रों में किसानों के धान का उपार्जन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के धान खरीदी केन्द्रों में अब तक 06 हजार 32.80 क्विंटल धान की खरीदी की गयी है, जिसमें धान खरीदी केन्द्र एड़का में 1424.40 क्विंटल, गढ़बेंगाल में 1482 क्विंटल, ओरछा में 29.60 क्विंटल, कोहकामेटा में 0, बासिंग में 0, छोटेडोंगर में 381.60 क्विंटल, खरीदी हुई ।

धान के अवैध परिवहन व भण्डारण पर खाद्य अफसरों की ताबड़तोड़ कार्रवाई

■ **कांकेर दुर्गूकोंदल भानुप्रतापपुर पखांजूर चारामा नरहरपुर में अवैध धान जब्त कार्यवाही जारी**

कांकेर / नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केंद्रों में धान क्रय किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन को रोकने के लिए गठित जांच दलों के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में जांच दल द्वारा 14 नवम्बर से अब तक कुल 560 बोरा (224 क्विंटल) धान जब्त कर छह बिचौलियों व कोचियों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई।जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी संबलपुर के अधीन 14 नवंबर को बिचौलिया मंशाराम से 200 बोरा (80 क्विंटल) अवैध धान जब्त कर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इसी तरह 15 नवंबर को तीजूराम से 35 बोरा (14 क्विंटल), 16 नवंबर को सुरेन्द्र कुमार जैन से 120 बोरा (48 क्विंटल), 19 नवंबर को दीपक मण्डल से 125 बोरा (50 क्विंटल), 01 दिसम्बर को लखनलाल दर्रो तथा हारून कुमार यादव से क्रमशः 50 बोरा (20 क्विंटल) तथा 30 बोरा (12 क्विंटल) अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण करते पाए जाने पर आरोपियों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड में धान के अवैध रूप से परिवहन एवं भण्डारण किए जाने के 10 प्रकरण में संबंधित लोगों के विरूद्ध कार्यवाही कर कुल 771 बोरा (329.40 क्विंटल) धान एवं मक्का को जब्त कर मंडी अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 09 नवंबर को भूपेन्द्र साहू से 32 बोरा (12.80 क्विंटल) धान जब्त किया गया। इसके अलावा 11 नवंबर को कांशीराम से 33 बोरा (13.20 क्विंटल) 12 नवंबर को श्री जैनकुमार लोन्हारे से 196 बोरा (78.40 क्विंटल) रिकेश सिन्हा से 21 बोरा (08.40 क्विंटल)15 नवंबर को जयसिंह नेताम से 31 बोरा (12.40 क्विंटल), 19 नवंबर को कमल सिन्हा (मे. पीयूष ट्रेडर्स) से 60 बोरा (24 क्विंटल), 24 नवंबर को मो.इदरीश (मे. भारत पशु आहार) से 210 बोरा (105 क्विंटल) मक्का प्रदीप साहू (गगन ट्रेडर्स) से 102 बोरा (40.80 क्विंटल) धान, 25 नवंबर को प्रवीण कुमार यादव से 31 बोरा (12.40 क्विंटल) तथा 01 दिसम्बर को जितेन्द्र साहू (मे. हिरवानी ट्रेडर्स) से 55 बोरा (22 क्विंटल) धान का अवैध रूप से भण्डारण एवं परिवहन करते पाए जाने पर मंडी अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। इसी तरह जिले के अन्य विकासखण्डों में भी मंडी निरीक्षण दल द्वारा लगातार छापामार कार्यवाही की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार आगे भी धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध सतत कार्यवाही की जाएगी।

सतर्क एप में मिली शिकायत

अफसरों ने दलबल के साथ पहुंच की कार्यवाही

जिला खाद्य अधिकारी ने आगे बताया कि सतर्क ऐप में प्राप्त शिकायत के आधार पर एसडीएम भानुप्रतापपुर संयुक्त रूप से राजस्व विभाग,खाद्य विभाग,मंडी विभाग द्वारा बुधवार को संबलपुर निवासी थोक व्यापारी कुशल जैन के गोदाम का जांच किया गया।

25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा अबूझमाड महोत्सव

नारायणपुर/ नवप्रदेश। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अबुझमाड महोत्सव-अबुझमाड़ पीस हॉफमैराथन 2025-26 का आयोजन 25 जनवरी, 2026 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर रॉबिनसन गुड़िया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आयोजन परेड ग्राउण्ड नारायणपुर में समयः प्रातः 6 बजे से (प्रातःकाल सूर्योदय उपरांत) एवं समापन समारोह बासिंग, विकासखण्ड ओरछा (अबुझमाड) में किया जाएगा। मैराथन दौड़ का मार्ग परेड ग्राउण्ड, नारायणपुर से बासिंग, वि.ख. ओरछा (अबुझमाड) है। इस मैराथन की दूरी हॉफ मैराथन 21 किलोमीटर है।

इस आयोजन को ओपन हॉफ मैराथन ओपन महिला एवं पुरूष (21 किलोमीटर), ओपन हॉफ मैराथन (बस्तर संभाग स्तर) महिला एवं पुरूष (21 कि.मी.), ओपन हॉफ मैराथन (जिला नारायणपुर स्तर) महिला एवं पुरूष (21 कि.मी) तथा ओपन हॉफमैराथन टीम रन (रिले मैरा.) महिला एवं पुरूष संयुक्त (21 कि.मी) में वर्गीकरण किया गया है।अबुझमाड़ मैराथन दौड़ में भाग लेने हेतु धावक अबुझमाड़ महोत्सव-अबुझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2026 जिला नारायणपुर के आधिकारिक लिंक httpsÑ//runabhujhmad.in/ के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

जिला नारायणपुर के अतिरिक्त बाहर से धावक भाग लेते हैं तो पंजीयन शुल्क 299 रूपये निर्धारित की गई है। मिक्स क्रॉड टीम दौड़ में माग लेने वाले धावकों को पंजीयन शुल्क 299 रूपये के आधार पर 4 धावकों के लिए राशि 1196 रूपये का शुल्क जमा करना होगा। जिला नारायणपुर के धावकों के लिए पंजीयन निःशुल्क रहेगा। इस हेतु वर्तमान वैध प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। जिनके द्वारा 200 रूपये का भुगतान किया जावेगा केवल उन्हीं धवकों को टी-शर्ट प्रदान किया जावेगा। मैराथन हेतु पंजीकृत धावकों के लिए टी-शर्ट कय की अनिवार्यता बाध्य नहीं है बिना टी-शर्ट कय के भी पंजीकृत धावक मैराथन में भाग ले सकेंगे।

अबुझमाड़ पीस हॉफ मैराथन में भाग लेने हेतु धावकों को कैटैगरी के अनुसार अपना पंजीयन करना आवश्यक है। किसी भी स्थिति में एक कैटेगरी के लिए पंजीकृत धावक को दूसरे कैटेगरी में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं किया जावेगा।

कलेक्टर ने किया जेंडर रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना ....

कांकेर / नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन दीनदयाल अंत्योदय योजना नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय जेंडर अभियान' का जिले में शुभारंभ किया गया। कलेक्टर ने प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जेण्डर समानता अभियान का उद्देश्य महिलाओं के बीच समानता का वातावरण को तैयार करना है।इस साल जेंडर समानता अभियान का नारा-एक साथ एक आवाज समानता के लिये संकल्प का आगाज' है।उक्त रथ को जिले के सभी विकासखण्डों में घर, बाजार आदि जगहां पर गीत की धुन के साथ गांव-गांव में भ्रमण कराया जायेगा, ताकि गीत के माध्यम से लोग इस अभियान से जुड़ सके। जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि उक्त कैंपेन को चार सप्ताह में विभाजित किया गया है। जिसमें प्रथम सप्ताह आर्थिक योगदानकर्ताओं के रूप में महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूकता और दृष्टिकोण में बदलाव द्वितीय सप्ताह महिलाओं के संसाधनों एवं अवसरों तक पहुंच का विस्तार तृतीय सप्ताह महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा एवं सुरक्षित गतिशीलता तथा चतुर्थ सप्ताह-महिलाओं के बिना पारिश्रमिक देखभाल कार्य को पहचानना एवं कार्यभार का समान वितरण' विषय शामिल है। उन्होंने बताया कि इस दौरान शपथ दिलाना जागरूकता रैली का आयोजन सांप-सीढ़ी जैसे खेलों एवं गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता, समूह बैठकों आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

डेढ़ किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

सारंगढ़ / नवप्रदेश। गांजा परिवहन कर रहे दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी कनकबीरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 1 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो लोगों को हिरासत में लिया।

जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपये है। घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक छ्ग 06 ।।ष्ठ 0309, कीमत 1 लाख रुपये कुल जप्त संपत्ति मूल्य 1 लाख 15 हजार रु. गिरफ्तार आरोपी दयानिधि दास, पिता स्व. रेशम दास उम्र 32 वर्ष निवासी कलमी थाना अम्बाभौना जिला बरगढ़ उड़ीसा, करुण दास पिता उद्धव दास महंत, उम्र 35 वर्ष, निवासी झलमला चौकी कनकबीरा, थाना सारंगढ़ ने जिला पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार जुआ, सट्टा, शराब एवं अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निमिषा पाण्डेय एवं एसडीओपी श्रीमती स्नेहिल साहू के मार्ग दर्शन में कार्रवाई की गई ।

चौकी कनकबीरा पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी । इसी दौरान काले रंग की मोटरसाइकिल में दो युवक सराईपाली दिशा से आते दिखाई दिए । पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल चालक घबराकर वाहन को वापस घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया । पूछताछ में दोनों आरोपी टालमटोल करने लगे, जिस के बाद मोटरसाइकिल के पीछे बंधे थैले की जांच की गई । थैले में बिक्री के उद्देश्य से ले जाया जा रहा अवैध गांजा मिला। तत्काल एनडी पीएस एक्ट के तहत कार्य वाही करते हुए गांजा, मोटर साइकिल को जप्त कर मामला दर्ज कियें । चौकी कनकबीरा में अपराध क्र. 626/25, धारा 20 (B) NDPS Act के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम चौकी प्रभारी टीकाराम खटकर, प्र0आर0 हीराधार नाग, मिरीराम खूंटे , आर. बिहारी साहू, कुंज बिहारी निराला, चौकी के स्टाफ पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध गांजा परिवहन करने वालों में दहशत का माहौल है।

पेज 1 का शेष

सीएम साय से पीएससी 2024....

देवांगन, पोलेश्वर साहू, पारस शर्मा, शताक्षी पाण्डेय, अंकुश बैनर्जी, सृष्टि गुप्ता, प्रशांत वर्मा और सागर वर्मा सपरिवार उपस्थित थे।

दंतेवाड़ा- बीजापुर की...

आत्मसमर्पण को लेकर बटालियन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं नजर आई और बटालियन से आत्मसमर्पण के संपर्क खत्म होने के बाद एक बार फिर से एजेंसियों के निर्देश पर ऑपरेशन को तेज किया गया है।

इससे पहले डीकेएसजेडसी सदस्य ने अपने 9 साथियों के साथ लाल गलियारे को त्याग करते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि लगातार नक्सली की टीम बिखरती जा रही है, नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर नक्सली अब धीरे-धीरे जागरूक होते जा रहे है और अपने साथियों को समर्पण करने के लिए तैयार कर रहे हैं। इसी का परिणाम था कि डीकेएसजेडसी सदस्य चैतू उर्फश्याम दादा के साथ ही उसके 9 साथियों ने आत्मसमर्पण किया है।

कॉलेज के समय नक्सलियों के संपर्क में आया था चैतू

नक्सलियों के दरभा डिवीजन में कई वर्षो तक उनके साथ काम करने के साथ ही उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले चैतू उर्फ श्याम दादा ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इस समर्पण के साथ ही दरभा डिवीजन और भी कमजोर हो गई। चैतू दादा उर्फश्याम ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि कॉलेज के दिनों में ही वे नक्सलियों के मेडिकल टीम के संपर्क में आया और वर्ष 1985 में भूमिगत हो गया था।

कोयला खदान के एक्सटेंशन...

भी आमने-सामने हो चुके हैं। ग्राम परसोड़ी कला के ग्रामीण खदान विस्तार का विरोध कर रहे है। ग्रामीणों का कहना बगैर भूमि अधिग्रहण किए अमेरा खदान प्रबंधन खदान का विस्तार कर रहा है। बहरहाल, बिगड़ते हालात की सूचना मिलने पर मौके के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है।

सरकार ने संचार साथी एप ...

बदलकर लोक भवन करने के विषय पर बोलने की अनुमति दी थी। उन्होंने मनरेगा और अन्य मुद्दों पर बात की। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विषय से संबंधित नहीं है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए और केवल लोक भवन से जुड़े मुद्दे ही स्वीकार किए जाएं।

इस पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने नड्डा से सहमति जताते हुए दोहराया कि विषय से हटकर कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। हालांकि, इस बीच विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे टीएमसी सांसद सेन के समर्थन में खड़े हुए और कहा, 卐उन्होंने कोई भी अशोभनीय शब्द नहीं कहा। सब कुछ विषय से जुड़ा हुआ है। और यह विषय आपके कार्यालय द्वारा जांच के बाद ही उन्होंने उठाया है।

समयसीमा तय नहीं कर सकता

सरकार पर बहस रोकने का आरोप लगाते हुए खडग़े ने कहा, सदन के नेता दखल दे कर यह नहीं कह सकते कि जो भी कहा गया है वह अशोभनीय है और उसे हटाया जाए। वे बुलडोजिंग कर रहे हैं। आप संसदीय लोकतंत्र के अनुसार सदन नहीं चलाना चाहते।।

उधर खडग़े की टिप्पणी पर नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा, मैंने कभी बुलडोज नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी मांग सिर्फइतनी थी कि विषय से संबंधित बातें ही रिकॉर्ड में रहें। उधर राज्यसभा के सभापति ने कहा कि कार्यवाही ठीक तरह से चल रही है और सदस्यों से अनुरोध किया कि शून्यकाल में सूचीबद्ध विषयों पर ही बोलें।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में फर्जी खबरों और एआई-जनित डीपफेक वीडियो को लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी भ्रामक सामग्री फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सरकार फेक न्यूज रोकने के लिए नए नियम बना रही है।

वैष्णव ने फेक न्यूज को बहुत ही गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि फेक न्यूज बहुत गंभीर मुद्दा है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। फेक न्यूज और डीपफेक पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने बताया कि जो लोग और समूह फर्जी खबरें फैलाते हैं, वे भारतीय कानूनों का पालन नहीं करते, इसलिए उन पर कार्रवाई जरूरी है।

निशिकांत दुबे की सिफारिशों की सराहना की

वैष्णव ने संसदीय स्थायी समिति (जिसके अध्यक्ष निशिकांत दुबे हैं) की शिफारिशों की सराहना की। साथ ही कहा कि समिति ने कई अच्छे सुझाव दिए हैं, जिनके आधार पर सरकार नए नियम बना रही है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज से निपटने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना भी जरूरी है।

दीपक एग्रोटेक राइस मिल में ...

में 302.40 क्विंटल चावल, सीजी 15 डीक्यू 9509 में 348.90 क्विंटल चावल तथा सीजी 04 एन आर 3900 में 350 क्विंटल इस तरह कुल 1326.60 क्विंटल चावल जब्त की गई, जिसकी कीमत 42 लाख 31 हजार 77 रुपए का है। भौतिक सत्यापन पूरा होने के बाद मिल संचालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

नई गाइड लाइन:अचल सम्पतियों के वास्तविक निर्धारण 20 नव. से लागू

नारायणपुर/ नवप्रदेश। उप पंजीयक जिला नारायणपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ गाईडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के प्रावधान के तहत् केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा स्थावर (अचल) संम्पति के बाजार मूल्य निर्धारण से संबधित गाईडलाइन दर वर्ष 2025-26 को अनुमोदित कर 20 नवम्बर 2025 से लागू की गई है। सर्व साधारण इस तथ्य से अवगत हो कि केवल गाईडलाइन दर के बाजार मूल्य में बदलाव किया गया है, एवं पंजीयन शुल्क दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह कि पंजीयन जिला नारायणपुर में प्रति वर्ष स्थावर (अचल) संम्पतियों के वास्तविक मूल्य में अधिक वृध्दि होती रही है तथा वर्ष 2018-19 के पश्चात् गाईडलाइन दरों में वध्दि नहीं किया गया है। स्थावर (अचल) संम्पतियों के वास्तविक मूल्य एवं गाईडलाइन मूल्य के दरों में असंतुलन था, जिसे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के वार्ड एवं सड़को आदि को चिहित कर, एक समान क्षेत्रों का समूहीकरण करते हुए, एक समान दरों को गाईडलाइन में समायोजित किया गया है।जिले में विगत 7-8 वर्ष से (अचल) संम्पतियों के वास्तविक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए ही गाईडलाइन दरों में वृध्दि की गई है। नई गाईडलाइन दर लागू 20 नवम्बर से नई गाईडलाइन के आधार पर पंजीयन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। नवीन गाईडलाइन पूर्व के तुलना में अधिक सरल व व्यवस्थित है। उप पंजीयक कार्यालय नारायणपुर में प्रतिदिन नियमित रूप से पंजीयन का कार्य किया जा रहा है।

अतः आमजन से अनुरोध है किसी भी प्रकार की जानकारी या शंका की समाधान हेतु अपने निकटतम पंजीयन कार्यालय से सम्पर्क कर वास्तविक तथ्यों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।नगरपालिका नारायणपुर के 15 वार्डों में कुल 30 कंडिकायें थी, जिसे कम नहीं किया गया है। कि वार्ड क्रमांक 01 02, 03, 05, 07, 08, 09, 14 एवं 15 से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरने के कारण समान क्षेत्रों का समूहीकरण करते हुए एक समान दरों को गाईडलाइन में समायोजित किया गया है। नगरपालिका नारायणपुर के वार्ड कमांक 01 के कण्डिका 2, वार्ड कमांक 03 के कण्डिका 2, वार्ड क्रमांक 7 की कण्डिका 1, वार्ड क्रमांक 8, वार्ड क्रमांक 09 की कण्डिका 1, वार्ड क्रमांक 14 एवं वार्ड क्रमांक 15 का रेट अलग-अलग था।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्धः धरमलाल कौशिक

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर 200 से अधिक सम्मानित, 42 को मिला सहायक उपकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा में आज दिव्यांगजनों के सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सवेरे से ही प्रतिभावान दिव्यांग बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, एडीएम शिवकुमार बनर्जी, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक टीपी भावे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे। कार्यक्रम में 200 से भी अधिक दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र एवं मैडल वितरित किये। इस अवसर पर जिला पुनर्वास केन्द्र, बिलासपुर द्वारा चिन्हांकित दिव्यांगजनों में मोटराईज्ड ट्रायसायकल 13 नग, ट्रायसायकल 11 नग, व्हीलचेयर 09 नग, बैसाखी 09 नग इस प्रकार कुल 42 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के शिक्षण-प्रशिक्षण, स्वरोजगार एवं सहायक उपकरण वितरण को शासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके और सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके। कार्यक्रम में उपनियंत्रक बेल प्रेस बबिता कमलेश, सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रशांत मोकासे, पीडब्ल्यूडी आईकान लीलाधर नांगे, उत्तमराव माथनकर, सरस्वती रामेश्वरी, राजकुमारी सोनी, सरस्वती जायसवाल, लांयस क्लब से हर्ष पान्डेय, अध्यक्ष, रमेश अग्रवाल, सचिव डॉ. दुबे, एवं मनजीत अरोरा, प्रशांत द्विवेदी, प्रदीप शर्मा, संजय खुराना, आकांक्षा साह, सौरभ दीवान, दीक्षांत पटेल, अनीश मानिकपुरी उमा पाण्डेय एवं संस्थाओं से शिवानी विडालकर, आर.जे. सिंह, ज्योती तिवारी, शोभना शुक्ला, कांती दुबे, अजंली चावडा, अनुप पाण्डेय एवं विभागीय शासकीय पूर्व अशासकीय संस्थाओं के अधिकारी, कर्मचारी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत मोकासे ने किया।

दिव्यांगजन किसी से कम नहीं: पूजा विधानी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर पूजा विधानी ने दिव्यांगजनों को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं है। अवसर मिलते ही नई मिसाल कायम करते है। शासन द्वारा उनके कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक टी.पी. भावे ने कहा की समाज कल्याण विभाग द्वारा पूरे जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों के माध्यम से प्रमाणीकरण, चिन्हांकन, जांच-नाप, सहायक उपकरण वितरण किया जा रहा है।

■ न्यूज गैलरी

रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 15 से

सीपत/नवप्रदेश। सीपत के श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर चमेटा तालाब स्थित मैदान में इस वर्ष एक ऐसा आयोजन होने जा रहा है, जिसे देखकर पूरा क्षेत्र गदगद हो उठेगा। पहली बार विराट रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 15 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है, जिसकी तैयारियों ने पूरा ग्राम सीपत खेल ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। मैदान को चकाचक सजाया जा रहा है और युवाओं में उत्साह शिखर पर है प्रतियोगिता को आकर्षक बनाने के लिए भव्य पुरस्कारों की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रथम पुरस्कार 15001 सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 10001 पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. सनत मिश्रा द्वारा, तृतीय पुरस्कार 7001 भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तामेश्वर कौशिक द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 5001 शंकर ज्वेलर्स सीपत के संचालक सुरेश गुप्ता द्वारा , पंचम पुरस्कार 3001 भोई महरा समाज के जिला सचिव केजुराम भोई द्वारा, मैन ऑफ द मैच विजेता को उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू एवं पंच नागेश वर्मा द्वारा रेंजर सायकिल दी जाएगी। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच को सुनील ज्वेलर्स के संचालक सुनील गुप्ता द्वारा चांदी की मूर्ति प्रदान की जाएगी।

जयराम नगर के किसान ने बेचा 38 क्विंटल धान, व्यवस्थित, पारदर्शी प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

समर्थन मूल्य व कृषक उन्नति योजना से किसान आर्थिक समृद्धि की ओर

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से जिले के किसानों को राहत मिल रही है, इससे न केवल उनके खेती-किसानी के रकबे में वृद्धि हो रही है बल्कि अनेक कल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन के सपने पूरे हो रहे है। मस्तूरी ब्लॉक के जयरामनगर के किसान नरोत्तम लाल ने धान उपार्जन केंद्र में 38 क्विंटल धान बेचा,वे 4 एकड़ में खेती करते हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को आर्थिक संबल मिल रहा है और वे समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। किसान हितैषी योजनाओं के उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

जयराम नगर धान खरीदी केंद्र में पहुंचे किसान श्री नरोत्तमलाल ने बताया कि टोकन तुहर हाथ ऐप से उन्होंने टोकन कटवाया है और आसानी से उनका टोकन कट गया, कोई समस्या नहीं आई। उन्होंने बताया कि खाद बीज समय पर मिलने से उनकी उपज भी अच्छी हुई है,और धान बेचने में उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हुई, सारी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित थी। बारदाने के भी समुचित इंतज़ाम थे। समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी से किसानों को उनके उत्पादन का अच्छा प्रतिफल मिल रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति

किसान आधुनिक व तकनीकी कृषि अपना रहे

किसान नरोत्तम लाल ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसान समृद्ध हो रहे हैं जिससे वे आधुनिक और तकनीकी कृषि को अपना रहे हैं, कई तरह के आधुनिक उपकरण ले रहे हैं, इसमें भी सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। कृषि भूमि को बेहतर बनाने में भी निवेश किया जा रहा है जिससे उत्पादन क्षमता में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर सोसायटी के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण मिल जाता है।

समय से पहले ही सभी 32 मतदान केंद्रों का 100 फीसदी डिजिटाइजेशन

बिलासपुर/नवप्रदेश। चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी, सटीक और डिजिटल रूप से मजबूत बनाने की दिशा में बिलासपुर के एआरओ एवं तहसीलदार प्रकाश साहू ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपने अधीन सभी 32 मतदान केंद्रों के कुल 31,840 मतदाताओं के फॉर्म का डिजिटिलाइजेशन 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। सबसे खास बात यह है कि यह कार्य निर्धारित लक्ष्य तिथि 4 दिसंबर से पहले ही पूरा कर लिया गया, जिससे वे जिले के पहले एआरओ बन गए हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश भर में एसआईआर को लेकर प्रशासनिक अधिकारी और अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियो का लगाया गया है। इसी क्रम में बिलासपुर तहसीलदार प्रकाश चंद साहू एईआरओ बनाकर उन्हे भी जिम्मेदारी दी गई थी। इस प्रक्रिया में साहू के साथ उनके सभी सुपरवाइजरों और बूथ लेवल

अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने समन्वय, कार्यकुशलता और तकनीकी समझ के साथ मतदाता फॉर्मों के सत्यापन, प्रविष्टि और अपलोडिंग की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से अंजाम दिया। यह उपलब्धि प्रशासनिक कार्यों में डिजिटलीकरण की दिशा में एक बड़ा उदाहरण मानी जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रकाश साहू और उनकी पूरी टीम को कल सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इस सफलता को अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा है कि इससे मतदाता सूची को और अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित और अपडेटेड बनाए रखने में मदद मिलेगी।

लावारिस हालत में 2 लाख की सागौन लकड़ी जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर लावारिस हालत में दो लाख की सागौन जब्त की है, जो स्कार्पियो में लोड की गई थी। सागौन लोड गाड़ी को छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश की जा रही है। वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कोटा-बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो संदिग्ध अवस्था में खड़ी है, जिसपर सागौन की लकड़ी लोड है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वन मंडलाधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में देर रात गश्त कर रहे बेलगहना के वन परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी और उनकी टीम ने कक्ष क्रमांक 1202/2470 कोटा बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो को देखा। वन विभाग की टीम को आते हुए देख स्कार्पियो वाहन का चालक गाड़ी को तेजी से बढ़ाते हुए बेलगहना की और भागने की कोशिश करने लगा। गाड़ी का पीछा करते हुए वन विभाग के स्टाफ फाटक पारा करहीकछार पहुंचे, जहां स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 सी 6590 का चालक डोंगरीपारा बस्ती की ओर वाहन लेकर चला गया। गाड़ी का पीछे पहुंची टीम को जंगल मार्ग पहाड़ी के पास वह लावारिस हालत में मिली, जिसे छोड़कर चालक फरार हो गया था। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक शिव कुमार पैकरा, वन रक्षक संतकुमार वाकर, पंकज साहू सोमप्रकाश जयसिंधु, वाहन चालक संतोष श्रीवास, चौकीदार ओम प्रकाश पांडेय, रामफल गोड़, देवलाल पाव सहित अन्य स्टाफ शामिल थे।

आरोपी की तलाश जारी

लावारिस हालत में 6 नग लट्ठा, 1 नग सीलपट सहित 7 नग सागौन की लकड़ी लोड़ थी। कक्षा क्रमांक 2470 में वन विभाग की टीम ने जाकर देखा तो वहा 3 नग लट्ठे और मिले, जिसे मिलाकर 10 नग सागौन की जब्ती वन विभाग की टीम ने की। वन विभाग की टीम ने वाहन सहित 2 लाख रुपए की लकड़ी जब्त करने के बाद बना अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुए आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है।

राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के 18 वर्ष आयु तक के बालक-बालिकाओं को असाधारण वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान करने हेतु 20 दिसम्बर 2025 तक आवेदन मंगाये गये है। पुरस्कृत करने के लिए 1 जनवरी 2025 से आवेदन की तिथि के पूर्व तक की अवधि में विचारणीय होगी। आवेदन निर्धारित तिथि तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे जमा किये जा सकते है।

स्टेशन पर वाणिज्य विभाग टीम की सक्रियता से प्रसूता की सुरक्षित डिलीवरी

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर आज मानवीय संवेदनशीलता एवं त्वरित सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया गया। अकलतरा से आई 22 वर्षीय महिला यात्री को स्टेशन परिसर स्थित सुलभ शौचालय के सामने अचानक लेबर पेन की स्थिति उत्पन्न हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वहाँ मौजूद वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। सूचना मिलते ही एलीट अस्पताल के डॉक्टर, महिला सफाईकर्मी एवं टीम के सदस्यों ने मौके पर पहुँचकर चादर, कपड़े आदि आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई तथा सुरक्षित प्रसव कराते हुए प्रसूता और नवजात दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रसव के बाद दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। इसके उपरांत महिला एवं शिशु को आगे बेहतर चिकित्सा देखभाल हेतु महतारी योजना एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया। वर्तमान में माँ एवं बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं समय पर सहायता प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने इस त्वरित मानवीय कार्य में शामिल सभी कर्मचारियों एवं चिकित्सकीय टीम की सराहना की।

रन-वे के पास ही बनेगा नया एप्रान, 4 फ्लाइट एक साथ होगी पार्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में जल्द ही एक ही समय पर 4 फ्लाइट पार्क की जा सकेगी। पीडब्ल्यूडी द्वारा नए 2 एप्रान का निर्माण कार्य जारी कर दिया गया है। यह कवायद नाइट लैंडिंग सुविधा के बाद नए सिरे से शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि कार्य दो साल पहले प्रस्तावित थी जिसे अब पीडब्ल्यूडी द्वारा पूरा किया जा रहा है। जल्द ही बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पर दो एप्रान बनकर तैयार होगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने कमर कस ली है। वर्तमान एप्रान से लगी हुई खाली जगहों पर एप्रान निर्माण का काम तेज कर दिया गया है। महज डेढ़ माह के भीतर एप्रान निर्माण किया जाना है। बताया जा रहा है कि नाइट लैंडिंग की सुविधा के बाद अब पीडब्ल्यूडी एप्रान निर्माण कर रहा है। इसके लिए ठेकेदार द्वारा जमीन का समतलीकरण किया जा रहा है। निर्माण के बाद एयरपोर्ट पर 4 एप्रान होगा, जिसमें एक साथ 4 फ्लाइट खड़ी हो सकेगी। दरअसल 4 सी एयरपोर्ट पर एक समय पर दो से अधिक फ्लाइट पार्क की जा सकती है, नाइट लैंडिंग की सुविधा के साथ ही बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट नवीन एप्रान से सुसज्जित हो सकेगा।

पीडब्ल्यूडी ने निर्माण कार्य जारी किया

दो बाइक में जोरदार भिड़ंत, एक की मौत

बिलासपुर /नवप्रदेश। बीती रात दो बाइकों के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में सरकण्डा प्रदीप आर्या ने बताया कि 1 दिसंबर की रात 10.30 बजे बैमा नगोई निवासी अश्वनी सूर्यवंशी पिता राधेहरि सूर्यवंशी 25 साल बाइक में सवार होकर जा रहे थे। खमतराई अटल चौक के आगे सामने से आ रहे खमतराई निवासी अशोक सूर्यवंशी पिता पुन्नीराम सूर्यवंशी 40 साल ने तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दिया। हादसे में अश्वनी सूर्यवंशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं अशोक सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। 2 दिसंबर को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

आयोजन

2026 का 'फैजाने बाबा सैय्यद इंसान अली शाह' कैलेंडर तैयार कराया गया

दरगाह लुतरा शरीफ के कैलेंडर का वक्फ बोर्ड ने किया विमोचन, कमेटी ने जायरीनों को बांटा निःशुल्क

सीपत/नवप्रदेश। शहंशाहे छत्तीसगढ़ हुजूर बाबा सैयद इंसान अली शाह की दरगाह इंतेजामिया कमेटी की पहल पर हर साल की तरह इस बार भी 2026 का 'फैजाने बाबा सैय्यद इंसान अली शाह' कैलेंडर तैयार कराया गया है। इस कैलेंडर का विमोचन छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सलीम राज ने किया।

विमोचन के मौके पर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मखमूर इक़बाल खान, वक्फ बोर्ड के रिटायर्ड मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. साजिद अहमद फारूकी दरगाह लूतरा शरीफ इंतेजामिया कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सिराज, सेक्रेटरी रियाज अशरफी, मेंबर फिरोज खान,दरगाह के खादिम उस्मान खान सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा विमोचित सालाना कैलेंडर का वितरण प्रदेश भर में किया जाएगा। अलग अलग जिलों के पदाधिकारियों ने अपने अपने जिलें में इसका वितरण करेंगे इसके साथ ही 8 दिसबंर को हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के महीना उर्स के दौरान दरगाह लुतरा शरीफ पहुंचने वाले जायरीनों को भी कैलेंडर बांटा जाएगा। राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सलीम राज ने 'फ़ैज़ाने बाबा सैय्यद इंसान अली शाह - 2026' कैलेंडर का विमोचन करते हुए दरगाह लुतरा शरीफ इंतेजामिया कमेटी के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लुतरा शरीफ की दरगाह में आने वाले जायरीनों की ख़िदमत अपने आप में एक इबादत से कम नही है। दरगाह से जुड़ी हर गतिविधि सूफियाना परंपरा और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करती है। कमेटी जिस लगन और निष्ठा से सालाना कैलेंडर सहित सेवा कार्य कर रही है।

बढ़ेगी बुनियादी सुविधाएं

दरगाह इंतेजामिया कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने वक्फ बोर्ड को बताया कि उनके सभी पदाधिकारी और मेंबर स्थानीय जनों के साथ मिलकर जायरीनों की खिदमत में लगे हुए है। साथ ही शासन प्रशासन के सहयोग से आवश्यक बुनियादी सुविधाएं जुटाने आवश्यक राशि की मांग की गई है। जिसमें सहमति भी मिलती जा रही है। जल्द ही यहां विकास के काम दिखाई देने लगेंगे। बोर्ड ने कमेटी के प्रयास की जमकर सराहना की और कहा कि इस बार दरगाह में आने वाले जायरीनों की खिदमत के लिए यह कमेटी अच्छा कार्य कर रही है। कमेटी के सभी लोग ऊर्जावान है,जो बेहतर तरीके से अपना योगदान वहां की सुख सुविधाओं को बढ़ाने में दे रहे हैं।

न्यूज गैलरी

सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं सशक्त, नवंबर में 577 मरीजों का उपचार

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। 220 बिस्तर क्षमता वाले सिविल चिकित्सालय मनेंद्रगढ़ ने नवंबर माह में 577 मरीजों को प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार हो रहे सुधार का असर अब साफ तौर पर दिख रहा है। यह अस्पताल की बढ़ती कार्यक्षमता और स्थानीय नागरिकों के भरोसे का प्रतीक है। स्वास्थ्य सुविधाओं में यह प्रगति स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने की उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम मानी जा रही है। उनके मार्गदर्शन में अस्पताल में संसाधनों का विस्तार, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और विशेषज्ञ सेवाओं में वृद्धि हुई है। नवंबर में 135 गर्भावस्था पूर्व जांच, 125 प्रसवोत्तर जांच की गईं। अस्पताल में 103 सामान्य प्रसव और 19 सीजेरियन प्रसव सफलतापूर्वक कराए गए। एनीमिया, बुखार, डायरिया, दुर्घटनाएँ, साँप काटना, जहर सेवन और जलने जैसी आपात स्थितियों में भी तेज व प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, स्वास्थ्य ढांचे को और बेहतर बनाने की निरंतर पहल जारी है, जिससे सिविल अस्पताल मनेंद्रगढ़ क्षेत्र का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र बनता जा रहा है।

बंजी स्कूल में छात्राओं को डिजिटल हिंसा से बचाव का प्रशिक्षण

एमसीबी/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला सशक्तीकरण केंद्र (मिशन शक्ति हब) द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 16 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल बंजी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समन्वयक तारा कुशवाहा ने छात्राओं को लिंग आधारित हिंसा, डिजिटल हिंसा, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न और लैंगिक भेदभाव से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में 1930 साइबर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, सखी वन-स्टॉप सेंटर और पॉक्सो एक्ट जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं व कानूनों से भी अवगत कराया गया।

जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर कटारा ने धान खरीदी, एसआईआर, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, पीएम जनमन गतिविधि, सहित विभिन्न योजनाओं, राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर प्रगति लाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों का भ्रमण कर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि खरीदी व्यवस्था पूर्ण रूप से सुचारू और पारदर्शी रहे। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केंद्रों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, धान की नमी की जांच, तौल उपकरणों की शुद्धता, टोकन वितरण और ऑनलाइन एंट्री को समयबद्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी खरीदी केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने अवैध धान परिवहन गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय

सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात टीम सतर्कता बरतते हुए बाहरी राज्यों से होने वाले अवैध धान के प्रवेश पर सतत निगरानी बनाए रखें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पंजीयन की भी जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए भरे हुए गणना और घोषणा पत्रों के डिजिटाइजेशन के कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पात्र मतदाताओं को शामिल करने तथा अपात्र मतदाता को हटाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र में प्राप्त विभिन्न आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व संबंधी प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, भू अर्जन मुआवजा राशि से जुड़े मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि लोक सेवा केंद्र में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा के भीतर और पूर्ण पारदर्शिता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें।प्रधानमंत्री आवास योजना की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुए निर्माणाधीन आवासों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए टीकाकरण, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने चिरायु योजना के अंतर्गत बच्चों की स्वास्थ्य जांच, पोषण स्तर और गंभीर बीमारियों के उपचार की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्ड निर्माण, वितरण प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 07 दिसम्बर को आयोजित होने वाली परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम जनमन, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ग्राम बोदा में शराब दुकान को लेकर दो खेमों में बंटा गांव

शराब दुकान पर 'विरोध' और 'समर्थन' के बीच फंसा प्रशासन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बोदा में शराब दुकान को लेकर गांव दो हिस्सों में बंट गया है। एक तरफमहिलाएं, छात्राएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण जो सामाजिक व पारिवारिक कारणों से विरोध कर रहे हैं दूसरी तरफकई गांवों के लोग जो वैध दुकान खुलने के समर्थन में हैं। अब प्रशासन के सामने दोनों पक्षों को संतुलित करते हुए निर्णय लेने की चुनौती है। ग्राम सिपाही, बोदा और आसपास के क्षेत्रों की बड़ी संख्या में महिलाएं, स्कूली छात्राएं और ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर कहा कि गांव में शराब दुकान खुलने से युवाओं में नशे की लत बढ़ेगी, परिवारिक कलह और सामाजिक समस्याएं बढ़ेंगी, महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक माहौल पर असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि यदि गांव में शराब दुकान खोली गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। दूसरी ओर बोदा पंचायत सहित सेतगंगा, तालम, सिल्ली, फस्टरपुर,

लालपुर, तरवरपुर, खैरा और हरियरपुर सहित कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण शराब दुकान खोलने के समर्थन में कलेक्ट्रेट पहुँचे। उन्होंने भी कलेक्टर जनदर्शन में अपना आवेदन सौंपा। समर्थन करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान खुलने से अनियंत्रित और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगेगी। शासन द्वारा निर्धारित दरों पर स्वच्छ शराब उपलब्ध होगी। ग्रामीणों को दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की मजबूरी खत्म होगी। इन ग्रामीणों ने भी कहा कि यदि शासन शराब दुकान खोलने में देरी करता है तो वे भी आंदोलन करने पर विचार करेंगे।

जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से दोनों पक्षों का आवेदन प्राप्त हुआ है। जल्द ही दोनों पक्षों के ग्रामीणों से चर्चा की जाएगी। इसके बाद पूरे मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी और उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बोदा में शराब दुकान को लेकर गांव दो हिस्सों में बंट गया है। एक तरफ महिलाएं, छात्राएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण जो सामाजिक व पारिवारिक कारणों से विरोध कर रहे हैं दूसरी तरफकई गांवों के लोग जो वैध दुकान खुलने के समर्थन में हैं। अब प्रशासन के सामने दोनों पक्षों को संतुलित करते हुए निर्णय लेने की चुनौती है।

पीसीसी अध्यक्ष बैज ने पार्षद हेमलता को नेता प्रतिपक्ष किया नियुक्त

झगड़ाखांड /एमसीबी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज़ ने नगर पंचायत झगड़ाखंड की पार्षद हेमलता कोमल कुमार को नगर पंचायत झगड़ाखंड का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया। इस दौरान उन्हें औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें पार्षद माधुरी कोल, रामगोपाल यादव, राधे मिश्रा, योगेंद्र सिंह खरवार, सोमू श्रीवास्तव, अमित पांडे, राजकुमार यादव, विनोद जांगड़े, पूर्व पार्षद के. डी., पूर्व पार्षद विनोद जांगड़े, पूर्व पार्षद कोमल कांत, बंसी कोल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। नव-नियुक्त नेता प्रतिपक्ष हेमलता कोमल कुमार ने कहा कि 'हम सभी कांग्रेसी साथी एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करेंगे।'

प्रत्येक सोमवार को होगी विभागीय समीक्षा बैठक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन में जिले के समस्त विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु हर सप्ताह सोमवार को प्रातः 10:00 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। सभी विभागों के अधिकारियों को अपने फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

श्मशान भूमि पर कब्जा हटाने पंचायतवासी लामबद्ध, तहसीलदार के नाम सौंपा ज्ञापन

लखनपुर/नवप्रदेश। तहसील लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुहपुटरा के श्मशान भूमि पर गांव के ही एक दबंग व्यक्ति द्वारा नाजायज़ तरीके से कब्जा कर कास्तकारी किया जा रहा है। मरघट भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को लेकर पंचायत वासियों में काफी रोष है। दरअसल श्मशान भूमि को पुस्त -दर-पुस्त पूर्वजों ने दाह-संस्कार के लिए सुरक्षित बचाये रखा है।

लेकिन वर्तमान समय में उक्त श्मशान भूमि पर गांव के हीरासाय आ0 स्व0 सुखसाय राजवाड़े हाल मुकाम पुहपुटरा द्वारा अवैध तरीके से खडखोड पारा बेलबहरा नाला के समीप मुक्ति धाम के जमीन पर अतिक्रमण करते हुए जेसीबी मशीन से खेत बना कास्तकारी किया जा रहा है। जिससे किसी व्यक्ति के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार करने में पंचायत वासीयों को काफी परेशानी हो रही है।

नाजायज़ कब्जे को लेकर ग्रामवासी आक्रोशित

श्मशान भूमि से अवैध कब्जा हटाये जाने को लेकर 1 दिसम्बर दिन सोमवार को ग्रामीणो ने एकजुट होकर तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणो का कहना है यदि समय सीमा के भीतर ज़मीन खाली नहीं कराया गया तो आंदोलन एवं चक्का जाम किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम सरपंच गोविन्द जंप सदस्य फूलमति क्षेत्र क्रमांक 09 फलेन्दर शुकला अनिल कुमार,सुरेश शुक्ला रमाशंकर शुक्ल विजय शंकर शुक्ला संजय कुमार शुक्ला रमाकांत दुबे ओमप्रकाश शुक्ला उमेश कुमार शुक्ला अमित कुमार शुक्ला सोहन राजेश शर्मा पुरकू राम प्रकाश शुक्ला जमुना प्रसाद विनय शुक्ला किरतन राम राजदेव विजय शंकर महाबल राजवाड़े सहित ग्रामवासी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

प्राकृतिक आपदा में 52 लाख रुपए की मंजूरी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्राकृतिक आपदा में 13 मृतकों के वारिसों को 52 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें तहसील लखनपुर के जूनालखनपुर निवासी शोएब खान की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस शबाना खान, तहसील लखनपुर पुहपुटरा निवासी बलीराम की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस चन्द्रमणी, तहसील सीतापुर के सरगा निवासी बुधदेव की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके वारिस मंगली एवं तहसील बतौली के कुनकुरीकला निवासी रोशन पैंकरा की मृत्यु आकाशीय बिजली से होने पर पर उनके वारिस लीलावती पैकरा को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

अवैध रेत परिवहन, तीन वाहनों पर राजस्व विभाग की कार्रवाई

लखनपुर/नवप्रदेश। जिले के ब्लाक लखनपुर /उदयपुर सरहदी बहने वाली रेड नदी से अवैध रेत उत्खनन परिवहन करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। रेत माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने में नाजायज़ तरीके से रेत उत्खनन कर परिवहन किया जाता रहा है। जिसकी शिकायत लगातार प्रशासन को मिल रही थी। सरगुजा कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) वंश सिंह सिंह नेताम के मार्गदर्शन में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने आज 2 दिसम्बर को लखनपुर थाने के सामने अवैध रेत परिवहन कर ले जाया जा रहे 2 टीपर एक ट्रैक्टर वाहन को जप्त कर लखनपुर थाना

लखनपुर में खड़ा कराया है। वही नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल ने कहा कि अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर अंकुश लगाये जाने का यह कार्यवाही यही खत्म नहीं होगा आगे भी जारी रहेगा। अवैध परिवहन कार्यवाही के मामले में नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक पीतांबर सिंह, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, रामकुमार यादव सहित अन्य पुलिस स्टाफ सक्रिय रहे।

अवैध धान विक्रय का मामला उजागर, प्रशासन की सतर्कता से बची तीन लाख की क्षति

***कोचिया समिति से मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पंचनामा तैयार कर आगे कड़ी कार्रवाई की तैयारी**

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले के नागपुर धान उपार्जन केंद्र में अवैध धान विक्रय का संगठित प्रयास उजागर हुआ है। राजस्व अमले की समय पर की गई कार्रवाई से शासन को लगभग 3 लाख रुपये की भारी आर्थिक क्षति से बचा लिया गया। 1 दिसंबर को हल्का पटवारी द्वारा टोकनों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा था, इसी दौरान ग्राम लाई निवासी सोहन पिता रामसिंह की पूछताछ

में पता चला कि उसके खेत में इस वर्ष धान का उत्पादन हुआ ही नहीं था। बावजूद इसके नागपुर निवासी संदीप जायसवाल ने उसे समिति में खड़े होने का लालच दिया और उसका बैंक पासबुक व एटीएम ले लिया। इससे पूरे रैकेट का संदेह पुख्ता हुआ। राजस्व टीम ने रणनीति बनाकर 2 दिसंबर को सोहन को वही प्रक्रिया करने को कहा। सुबह पहली ट्रिप में 49.80 क्विंटल और शाम को दूसरी ट्रिप में 47.20 क्विंटल, कुल 96.80 क्विंटल अवैध धान सोहन के खाते में चढ़ाने का प्रयास किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर धान को जप्त किया और ट्रैक्टर सहित सामग्री थाना सुपुर्द कर दी। जांच में स्पष्ट हुआ कि संदीप जायसवाल द्वारा शासन को 3,00,080 रुपये की क्षति पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा था। पूरे प्रकरण का विस्तृत पंचनामा तैयार कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने चेताया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की हेराफेरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक | निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों में लाए तेजी, निर्धारित समय सीमा में कार्य करे पूर्ण-कलेक्टर

धान खरीदी कार्यों में न करे किसी भी प्रकार की चूक :कलेक्टर

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुवे धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को धान खरीदी कार्यों को पूरी गंभीरता से करने और किसी भी प्रकार की चूक न करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य को पूरी प्राथमिकता से किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। कलेक्टर ने जिले में किसी भी प्रकार से कोचिया-बिचौलियों के धान खपने न पाए इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए तथा जिले में किसी भी प्रकार से धान की अवैध गतिविधि, भंडारण आदि पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए बैठक में उपस्थित सभी एआरओ, एईआरओ, सीईओ और सीएमओ से आवश्यक जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को एक्शन मोड में कार्य करते हुए निर्वाचक

नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को शेष गणना पत्रकों के शीघ्र वितरण, कलेक्शन और ऑनलाइन एंट्री की गति और अधिक तेज करने के निर्देश देते हुवे समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पुनरीक्षण की सभी प्रक्रियाएँ समयबद्ध और सुचारू रूप से चलनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवार गणना प्रपत्रों के वितरण, कलेक्शन और एंट्री की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी लेते हुए प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर फॉर्मो का त्वरित कलेक्शन व डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का नियमित निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें।

3100 रुपये समर्थन मूल्य से बदली किसान लक्ष्मी प्रसाद की जिंदगी

एमसीबी/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। जिले के उपार्जन केंद्रों में इस वर्ष साफ-सुथरा माहौल, पर्याप्त बारदाना, पीने के पानी की सुविधा और तकनीक आधारित व्यवस्था ने किसानों का भरोसा बढ़ाया है। ग्राम चैनपुर के किसान लक्ष्मी प्रसाद इसके सकारात्मक परिणामों की मिसाल बने हैं। उन्होंने चैनपुर केंद्र में 28 क्विंटल धान बेचा और पूरी प्रक्रिया को बेहद आसान और पारदर्शी पाया।डिजिटल व्यवस्था के कारण ऑनलाइन

टोकन, निर्धारित समय पर तौल और बिना भीड़-भाड़ के खरीदी ने उन्हें नया आत्मविश्वास दिया। प्रति क्विंटल 3100 रुपये समर्थन मूल्य तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ सीमा ने उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत की है। पिछले वर्ष की राशि से किए गए खेत सुधार और उपकरणों ने उत्पादन भी बढ़ाया है।

न्यूज गैलरी

चंद्रशेखरचेन्नई में सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जीवन बीमा निगम मुंगेली के अभिकर्ता चन्द्रशेखर शर्मा को चेन्नई ट्रेड सेंटर हॉल में सम्मानित हुए। उन्हें यह सम्मान जीवन बीमा के एम.डी. आर. दोरईस्वामी द्वारा 25 वर्ष से अध्यक्ष क्लब के सदस्य होने के कारण मोमेंटो व शाल देकर सम्मानित किया गया। जिससें चन्द्रशेखर शर्मा को इस सम्मान के साथ आजीवन सदस्यता से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि श्री शर्मा छत्तीसगढ़ से एकमात्र व्यक्ति है जिन्हें यह सम्मान मिला है।

नेशनल कराते चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी करेंगे शिरकत

बिलासपुर/नवप्रदेश। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अंतर्गत व छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त संस्था छत्तीसगढ़ फोनिक्स शीतों रियो कराते डू एसोसिएशन के द्वारा आगामी माह के 6 व 7 दिसंबर को दो दिवसीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई में ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाग लेने के लिए सेको काई बिलासपुर कराते स्कूल के कराटे खिलाड़ी निरंतर अभ्यास कर रहे है। खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए स्वयं सेको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के प्रमुख प्रशिक्षक व छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारिणी अध्यक्ष रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू ने खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी, तथा सेको काई कराते इंटरनेशनल बिलासपुर के मुख्य प्रशिक्षक व बिलासपुर कराते डू एसोसिएशन के सचिव हरिशंकर साहू ने भी खिलाड़ियों सहित बिलासपुर कराते स्कूल के कराते कोच राजेश सारथी को अग्रिम शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। उक्त चैंपियनशिप में भाग लेकर अपना लोहा मनवाने सीनियर कराते खिलाड़ी रिया साहू, आरती साहू, विवेक नेताम, शिवम् साहू, अवि यादव व जय यादव सहित सब जूनियर खिलाड़ियों में आर्यव साव, निरंजना एस पिल्लई, दृष्टि कश्यप, साई श्याम तुलंकार,आयांश झा, धीरज साहू, लक्ष्य पटेल, विहान सिंह, उद्धव शर्मा, समीक्षा सारथी, लक्षिता साहू, आन्या साहू,आरना साहू, ख्याती वर्मा, अयाज खान, दिशा कश्यप, आद्या साहू, सानवी पांडे, कृष्णा बघेल, आरुग किरन, रितु, तन्मय दुबे, युसूफ हसन, जाफर अली, सौम्या साहू, आराध्या साहू, अनुमेहा राज, आराध्य श्रीवास्तव,अनुष्का दत्ता चौधरी, ज़ीनत खान, आदि पांडे, सहित अन्य खिलाड़ी भाग लेकर अपना जौहर दिखाएंगे।

मतदाता सत्यापन की तिथि बढ़ी: अब 11 दिसंबर तक जमा होंगे गणना फार्म

मुंगेली में 95,584 मतदाता 'डी कैटेगरी' में, जानकारी नहीं मिलने से चिंता

मुंगेली/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत घर-घर मतदाताओं के सत्यापन की तिथि एक सप्ताह बढ़ा दी है। अब 11 दिसंबर तक गणना फार्म भरकर जमा किए जा सकते हैं। जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों से अभी तक 6 लाख 17 हजार 23 मे से 5 लाख 19 हजार 946 मतदाताओं के फार्म जमा हो चुके हैं और उनका डिजीटाईजेशन भी हो गया है। इसके बाद भी अभी लगभग 95 हजार 584 फार्म जमा होना बाकी है।

जिले में जनगणना के पूर्व मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। एसआईआर की अब तक की रिपोर्ट में जो डेटा सामने आए हैं, उसके अनुसार प्रदेश में करीब 95584 मतदाताओं को डी कैटेगरी में शामिल किया गया है। इसका मतलब है कि इन मतदाताओं के बारे में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। विभाग का मानना है कि डी कैटेगरी में उन मतदाताओं को रखा गया है, जिनकी या तो मौत हो चुकी है, या जो दूसरे शहर या राज्य में शिफ्ट हो गए हैं, मतदाता प्रमाण पत्र डुप्लीकेट हैं या इन्होंने अब तक कोई वैध दस्तावेज जमा नहीं किया है। हालांकि ऐसे मतदाताओं के पास 15 जनवरी 2026 तक का समय होगा। इस तारीख तक ये मतदाता दावा-आपत्ति कर वैध दस्तावेज जमा कर सकते हैं। एसआईआर के प्रारंभिक चरण में जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार जिले मे 95584 मतदाताओं की जानकारी नहीं मिल पाई है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 4 नवंबर से एसआईआर का काम शुरू हुआ था और 4 दिसंबर एक माह तक बीएलओ के माध्यम से घर-घर मतदाताओं का सत्यापन करना था। इसमें मतदाताओं के घरों में पहुंचकर गणना फार्म बांटना था और उसके बाद भरे हुए गणना फार्म को जमा करवाना था। बीएलओ द्वारा गणना फार्म मतदाताओं के घरों में वितरण का काम लगभग पूरा हो चुका का है और अब बीएलओ भरे हुए गणना फार्म को जमा कराने घर-घर पहुंच रहे हैं। इसके लिए बीएलओ ऊपर काफी दबाव है और जो मतदाता किसी वजह से फार्म जमा नहीं कर पाए हैं वे भी चितिंत हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने घर-घर मतदाताओं के सत्यापन की तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दी है। इस तरह से मतदाताओं के सत्यापन कार्य के लिए एक सप्ताह का और समय बीएलओ को मिल गया है। जिले के 3 विधानसभाओं में कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 17 हजार 23 है, जिसमें से अभी तक 5 लाख 19 हजार 946 मतदाताओं के गणना फार्म जमा हो चुके हैं और उनके फार्म का डिजिटाईजेशन भी हो गया है। इसके बाद भी 95 हजार 584 मतदाताओं के गणना फार्म जमा होना बाकी है।

एसआईआर में लगे अधिकारी-कर्मचारी- कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी 3 विधानसमा क्षेत्रों में स्थित कुल मतदान केन्द्रों को आधार मानकर विधानसभावार बूथ लेवल अफसर बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। मतदाता सूची के इस गहन पुनरीक्षण कार्य में जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों को लगाया गया है। इसमें बूथ स्तर अधिकारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है इसलिए प्रत्येक बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं। बीएलओ प्रत्येक परिवार से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरवाकर और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं।

आनलाईन फार्म भरने की सुविधा- मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर तहत आनलाइन फार्म भरने की सुविधा मी दी गई है। लोग ईसीआई के वेबसाइट पर जाकर भी अपना फार्म भर सकते हैं या अपलोड कर सकते है। बीएलओ द्वारा आनलाइन आवेदनकर्ताओं के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

जारी हुआ है संशोधित कार्यक्रम

निर्वाचक संशोधित नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी हुआ है। जिले के सभी विधानसभाओं को मिलाकर अभी तक 75 फीसदी से ऊपर डिजिटाइजेशन का काम हो गया है और बीएलओ घर-घर जाकर गणना फार्म जमा ले रहे हैं। एसआईआर के तहत उक्त जानकारी उपजिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने दी।

रिसाइकलिंग पर सख्त निगरानी और लापरवाह अधिकारियों पर नोटिस

कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, धान खरीदी और सुपोषण पर सख्त निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और बेहतर प्रगति लाने निर्देशित किया। उन्होंने निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एसआईआर को जितनी बेहतर तरीके से पूरा किया जाएगा, उतनी ही कम दावा-आपत्तियां प्राप्त होंगी, इसलिए सभी टीमें इसे अत्यंत गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपादित करें। इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए।

कलेक्टर ने एसआईआर अंतर्गत मैपिंग, कार्ययोजना और अन्य तकनीकी पहलुओं की प्रगति पर भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि कोई भी मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया से न छूटे, इसके लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने एसआईआर में बेहतर प्रगति के लिए सेक्टर अधिकारियों के कार्यों की सराहना की और तकनीकी दल के सदस्यों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा की। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कृषक पंजीयन, धान उपार्जन और निगरानी व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान रिसाइकलिंग किसी भी स्थिति में न हो, इसके लिए उपार्जन केंद्रों से लेकर परिवहन मार्ग तक सख्त निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध धान खपाने वाले कोचियों और बिचौलियों पर विशेष निगरानी रखते हुए छापामार कार्यवाही करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी किसान किसी दूसरे किसान के रकबे का धान न बेच सके, इसकी कड़ी मॉनिटरिंग अनिवार्य है। वनांचल क्षेत्रों में अवैध धान की आवाजाही रोकने के लिए बैरियर्स पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने धान विक्रय के साथ-साथ रकबा समर्पण की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों की औसत उत्पादकता, रकबा समर्पण और उपार्जन से संबंधित डेटा अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एग्री-स्टैक पंजीयन की स्थिति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक उपार्जन केंद्र में टोकन और कटाई की मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जाए। उन्होंने पीवी ऐप के सत्यापन की प्रगति के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि सत्यापन कार्य को तेजी और शुद्धता से पूरा किया जाए। साथ ही, मिल पंजीयन की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि वे धान खरीदी में सक्रिय सहभागिता निभाएँ तथा पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में, मंडी निरीक्षक द्वारा उचित कार्यवाही न करने तथा कार्य में उदासीनता पाए जाने पर कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने औरापानी, बंजारी, लमनी सहित संवेदनशील क्षेत्रों में बाहरी धान न खपे, इसके लिए विशेष सतर्कता रखने, मजबूत सूचना तंत्र स्थापित करने और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोटिस जारी करने का निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय का कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय गतिविधियों, विभिन्न पदों हेतु चल रही भर्ती प्रक्रिया तथा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। कलेक्टर ने विभिन्न पदों के लिए चल रही भर्ती में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण की जाएं, ताकि विभागीय कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आएं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को कार्यालय में फाइलों की अव्यवस्थित स्थिति, स्वच्छता की कमी और कार्यस्थल का असुचिता वाला वातावरण देखने को मिला। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार करने के आदेश दिए। साथ ही, कार्यालय व्यवस्था में लापरवाही को गंभीर मानते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजुला शर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विभाग में कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने, फाइल प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने तथा साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने हेतु जिम्मेदार अधिकारी तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित करें। ज्ञात हो कि महिला एवं बाल विकास परियोजना क्रमांक 01 में हो रही भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण की जाएं, ताकि विभागीय कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आएं। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

चार घरों पर कथित अतिक्रमण का मामला गरमाया

पीसीसी अध्यक्ष बैज पहुंचे मंत्री जायसवाल के गृह ग्राम, अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी

एमसीबी/नवप्रदेश। खड़गवा क्षेत्र में हाल ही में चार परिवारों के घर तोड़े जाने के कथित अतिक्रमण प्रकरण ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। इसी मुद्दे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आज मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के गृह ग्राम पहुँचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। मौके पर बैज ने घटना की तीखी आलोचना करते हुए अधिकारियों तथा वन विभाग पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गरीबों के आशियाने तोड़ना बेहद अमानवीय कृत्य है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैज ने कहा कि 'अगर कोई अधिकारी या फॉरेस्ट कर्मचारी गरीबों के घर तोड़ता है, तो उसे भी अपने घर में रहने का अधिकार नहीं है। हम उसका घर नहीं तोड़ेंगे, लेकिन उसके घर के बाहर डेरा डाल देंगे। वह घर में होगा तो बाहर नहीं निकल पाएगा और बाहर होगा तो अंदर नहीं जा पाएगा, ताकि उसे भी घर की पीड़ा का एहसास हो। ' इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरों, स्वप्निल श्रीवास्तव सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

जिले में अवैध धान भंडारण और परिवहन पर कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में अवैध धान भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने चल रहे अभियान अंतर्गत उदयपुर विकासखंड के मडगांव में कार्रवाई करते हुए, चेतन सिंह के किराना दुकान में अवैध रूप से भंडारण किए गए 200 बोरी धान (लगभग 80 क्विंटल) बरामद किए गए हैं। मंडी अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन पर कृषि उपज मंडी समिति, राजस्व विभाग तथा स्थानीय प्रशासन की टीम ने मौके पर ही धान की जब्ती कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया। दुकान संचालक द्वारा धान के भंडारण संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जा सके।

प्रदेश स्तरीय सतनाम शोभायात्रा का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व के अवसर पर सतनामी समाज के मार्गदर्शक एवं गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में प्रदेश स्तरीय सतनाम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए मंडी प्रांगण पहुंची। प्रत्येक वर्ष की परंपरा के अनुसार इस बार भी गुरु प्रकाश पर्व की शुरुआत मुंगेली स्थित सतनाम भवन के शेतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना से की गई, जहां गुरु बालदास साहेब ने मानव समाज एवं समस्त संत समाज के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की मंगलकामनाएं की। इस आयोजन में गुरुदेव के साथ सतधारी गुरु सोमेश बाबा, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं गुरु सौरभ साहेब की संयुक्त उपस्थिति ने गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व को अद्वितीय आध्यात्मिक ऊर्जा, उत्साह एवं भव्यता प्रदान की। शोभायात्रा के दौरान गुरु बालदास साहेब तथा सतधारी गुरु सोमेश बाबा रथ में श्रद्धालुओं के अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं गुरु सौरभ साहेब घोड़े पर सुशोभित होकर समाजजनों का अभिनंदन ग्रहण कर रहे थे। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए मंडी प्रांगण पहुंची, जहां आयोजित मुख्य कार्यक्रम में चारों गुरुजनों ने मंच से समाज को गुरुवाणी के माध्यम से आशीर्वचनों की वर्षा करते हुए गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व प्रारंभ की शुभकामनाएं प्रदान किये गुरुजनों के सान्निध्य में उपस्थित श्रद्धालु, समाजजन एवं संत-समाज आध्यात्मिक उत्साह से अभिभूत रहे। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, विभिन्न राजमहंत, जिला महंत, अखिल भारतीय सतनाम सेना के पदाधिकारी, सतनामी समाज के वरिष्ठजनों, सदस्यों एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर आयोजन की शोभा बढ़ाई।

जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास पर विविधि कार्यक्रमों का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान सहित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. चंद्रशेखर सिंह शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा, रायगढ़ एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष अंग्रेजी डॉ. जेपी मिश्र, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय तृप्ति लकड़ा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत जनजाति समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। तत्पश्चात् मुख्य वक्ता, विशिष्ट वक्ता एवं मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनजातियों की अपनी संस्कृति, परंपरा, एवं रीति रिवाज हैं, उनके व्यवहार में सादापन है और भोलापन झलकता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य न केवल जंगल और जमीन का संरक्षण हैं वरन् जनजाति समुदायों की समृद्धि गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, उनके अतीत और बलिदानों को याद करना है।

विस सत्र में कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आगामी 14 से 17 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम् विधान सभा के सप्तम सत्र के मद्देनज़र सरगुजा जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है।

कलेक्टर कार्यालय, अम्बिकापुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में पदस्थ सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विधानसभा सत्र अवधि में सभी अधिकारीदृकर्मचारी मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। केवल अत्यंत आवश्यक या अपरिहार्य परिस्थितियों में ही अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की अनुमति दी जाएगी। ऐसी स्थिति में संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। वहीं कार्यालय/विभाग प्रमुख को भी किसी भी प्रकार के अवकाश हेतु कलेक्टर की लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
मनियारी जल संसाधन संभाग मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
// निविदा निरस्तीकरण आदेश //

पत्र क्रमांक.../व.ले.स./2025-26 मुंगेली, दिनांक ....

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 26.05.2025, सिस्टम नं. 169108, समूह क्र. 01 (प्रथम आमंत्रण) **"मुंगेली जिले के विकासखण्ड मुंगेली अंतर्गत रहन नदी में ग्राम मोतिमपुर के पास एनीकट का निर्माण कार्य।"** (लागत रू. 333.98 लाख) की निविदा में निविदाकार द्वारा अनुबंध नहीं करने के फलस्वरूप उक्त निविदा में जमा की गई टी.डी.आर. की राशि को राजसात कर निविदा **"निरस्त"** किया जाता है।

जी.नं.- 252601194, दिनांक 28.05.2025

सही
कार्यपालन अभियंता
मनियारी जल संसाधन संभाग
मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

जी-252605201/5

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

ग्राम कांकेर तहसील कांकेर

- उद्घोषणा -

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती काजल गिडलानी पति सचिन गिडलानी जाति क्षत्रिय, निवासी टिकरापारा कांकेर, तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कांकेर बरदेभाटा, तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 458/29 रकबा 0.0669 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 5.12.2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर **कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

// समक्ष श्रीमान् नोटरी महोदय कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.//
// शपथ-पत्र //

मैं शपथकर्ता **संतोष कुमार** (**SANTOSH KUMAR**), पिता-**सियाराम** (**SIYARAM**), उम्र-42 वर्ष, निवासी-70, शीतलापारा, वार्ड नं.-04, ग्राम चाँवड़ी, तहसील-चारामा, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.) 494337 का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि:-

01.यह कि मैं दर्शित पते पर निवास करता हूँ।
02.यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक-**4178 1157 5541** में मेरी पुत्री का नाम- **ट्रिवीकल साहू** (**TIWKAL SAHU**), पिता-**संतोष कुमार साहू** (**SANTOSH KUMAR SAHU**), अंकित है। जो त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है।
03. यह कि मेरी पुत्री के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के अंकसूची प्रमाण पत्र में सही व वास्तविक नाम-**टिविंकल** (**TIWINKAL**), पिता- **संतोष कुमार** (**SANTOSH KUMAR**), दर्ज है, जो सत्य एवं सही है।
04. यह कि, मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम-**टिविंकल** (**TIWINKAL**), पिता-**संतोष कुमार** (**SANTOSH KUMAR**), को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

स्थान - कांकेर,
दिनांक - 02/12/2025 **शपथकर्ता**

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ (छ.ग.)
07762-224426 (o), 07762-222178 (R), 07762-226047 (F)
E-mail: dfo-raigarh.cg@gov.in

संक्षिप्त निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ द्वारा रायगढ़ वनमंडल रायगढ़, अंतर्गत परिक्षेत्र रायगढ़ में इको पर्यटन स्थल निर्माण के लिए विभिन्न सामग्रीयों **Dholpur Stone आदि** क्रय हेतु निविदा दिनांक 05.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबंद लिफाफा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/वनमंडल कार्यालय रायगढ़ में रखे बॉक्स में डालने हेतु वनमंडल कार्यालय रायगढ़ में आमंत्रित की जाती है।

निविदा का प्रकार	प्रथम निविदा दिनांक	द्वितीय निविदा दिनांक	तृतीय निविदा दिनांक
Dholpur Stone	05.01.2026	26.01.2026	06.02.2026

निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय में सूचना प्रकाशन दिनांक से दिनांक 05.01.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक रूपये 500/- का डिमांड ड्राफ्ट / नगद शुल्क जो वनमंडलाधिकारी, रायगढ़ वनमंडल रायगढ़ के पक्ष में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। **प्राप्त निविदा दिनांक 05.01.2026 को सायं 4.00 बजे** उपस्थित निविदाकारो / अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

अधिक जानकारी के लिये www.cgforest.com बेव साईट का अवलोकन करें ।

वनमण्डलाधिकारी
जी-252605188/4 **रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़**

दैनिक नवप्रदेश
न्यायधानी बिलासपुर

रेलवे ने कहा- 'तत्काल' में विंडो टिकट लेने पर भी ओटीपी होगा जरूरी

रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने और दुरुपयोग रोकने के उद्देश्य से ओटीपी आधारित रिजर्वेशन सिस्टम का दायरा बढ़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने और दुरुपयोग रोकने के उद्देश्य से ओटीपी आधारित रिजर्वेशन सिस्टम का दायरा बढ़ा दिया है। रेलवे द्वारा सबसे पहले जुलाई 2025 में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके बाद अक्टूबर 2025 में सभी जनरल रिजर्वेशन की फर्स्ट-डे बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित ऑनलाइन सिस्टम लागू किया गया। इन दोनों प्रणालियों को यात्रियों द्वारा काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और इससे बुकिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम हुई।

रेलवे ने 17 नवंबर 2025 से रिजर्वेशन काउंटरों से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। वर्तमान में यह व्यवस्था 52 ट्रेनों तक बढ़ा दी गई है। नई प्रणाली के तहत यात्री जब काउंटर पर तत्काल टिकट के लिए फॉर्म जमा करते हैं तो उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाता है। यह ओटीपी सफलतापूर्वक सत्यापित होने के बाद ही टिकट बुक हो पाता है। रेलवे का कहना है कि आने वाले समय में इस ओटीपी आधारित तत्काल टिकट व्यवस्था को सभी शेष ट्रेनों में लागू कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य तत्काल सुविधा के दुरुपयोग को रोकना और वास्तविक यात्रियों को अधिक मांग वाले टिकटों तक निष्पक्ष व आसान पहुंच सुनिश्चित करना है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह कदम टिकटिंग प्रणाली में पारदर्शिता, सुरक्षा और यात्री सुविधा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

बिलासपुर से यलहंका के लिए शीतकालीन स्पेशल ट्रेन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए बिलासपुर-यलहंका (बेंगलुरु) के बीच शीतकालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यह ट्रेन दिसंबर माह में कुल 5 फेरों में संचालित होगी, जिससे यात्रियों को त्योहार और छुट्टियों के दौरान अतिरिक्त यात्रा विकल्प उपलब्ध होगा।रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या बिलासपुर-यलहंका स्पेशल हर मंगलवार 2 से 30 दिसंबर तक चलेगी, जबकि ट्रेन संख्या यलहंका-बिलासपुर स्पेशल हर बुधवार 3 से 31 दिसंबर तक संचालित होगी। ट्रेन का ठहराव भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और गोंदिया सहित प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए गए हैं, जिनमें एसी-टू टियर, एसी-थ्री टियर, एसी-थ्री टियर इकोनॉमी, स्लीपर और सामान्य कोच शामिल हैं।रेलवे ने बताया कि दिसंबर के निर्धारित यात्रा दिनों में ट्रेन में अधिक संख्या में बर्थ खाली हैं, जिससे यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने की पूरी संभावना है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे शीघ्र टिकट बुक कर आरामदायक यात्रा का लाभ उठाएं।

बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में काम जारी

हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में चांपा-खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथीलाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 9 से 13 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 68738/68737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 8 से 12 दिसम्बर 2025 तक गाड़ी संख्या 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

■ न्यूज गैलरी

वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में माधुरी व छबि का चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता कोटा (राजस्थान) में 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहा है.इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ से राष्ट्रीय निर्णायक माधुरी साहू एवं छबि राम विश्वकर्मा का चयन किया गया है। ये दोनों पिछले वर्ष भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी सेवा दे चुके हैं। इनकी इस उपलब्धि पर संघ के अध्यक्ष विजय बघेल, महासचिव डॉ राजेश जंघेल, कोषाध्यक्ष नंदू जंघेल, जयंत बागची, अजय दीप सारंग, ललित साहू, कोमल सोनी, अशोक साहू, जुगल साहू ने शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के लगभग 20 बालिका एवं महिला खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनके कोच अजय दीप सारंग एवं कोमल सोनी टीम प्रबंधक होंगे।

बीएलओ, सुपरवाइजर नदारद, अधिकारियों की कुर्सियां खाली

वार्ड 70 के सर्वे में लापरवाही, जिनके घर टूटे वो सूची से गायब, नए लोगों के नाम शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड नम्बर 70 त्रिपुर सुंदरी क्षेत्र में सरकारी सर्वे और पात्रता फॉर्म प्रक्रिया पूरी तरह अव्यवस्थित और संदेहास्पद स्थिति में है। जिन लोगों के घर टूट गए, जिनकी झोपड़ियाँ उजड़ गईं, जो सालों से यहां रह रहे थे उनके नाम सूची में नहीं हैं। जबकि हाल ही में आए कुछ लोगों को बिना जांच-पड़ताल के सूची में शामिल कर दिया गया है। वार्ड 70 रेलवे न्यू लोको कॉलोनी में इकट्ठा हुए लोगों का कहना है कि पिछले 4 से 8 दिनों से वे कैंप के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। न बीएलओ मौके पर मौजूद, न सुपरवाइजर और न ही वार्ड के जिम्मेदार पार्षद श्रीनू राव मौजूद है।

ज़रूरतमंद परिवार कागज़ लेकर लाइन में खड़े हैं, लेकिन सूची में उनका नाम ही नहीं मिल रहा। स्थिति इतनी खराब है कि जिन मकान मालिकों ने वर्षों पहले रेलवे क्वार्टर छोड़ा था, उनका रिकॉर्ड पूरी तरह गायब हो चुका है। वहीं जो लोग हाल ही में आए हैं, उनके नाम बिना किसी दस्तावेज़ सत्यापन के जोड़ दिए गए। इससे पूरा सर्वे संदिग्ध हो चुका है और लोगों के मन में गहरी नाराज़गी है। वार्डवासियों ने बताया कि बीएलओ कभी टीकाकरण, कभी पोषण वितरण या कभी फील्ड ड्यूटी का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बचते हैं। कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद कैंप में लगातार अनुपस्थिति सवाल खड़े कर रही है जब सर्वे घर-घर करना है, तो बीएलओ गायब क्यों।लोगों का आरोप है कि पार्षद श्रीनू राव और सुपरवाइजर प्रभात शर्मा मामले से पूरी तरह अनजान या उदासीन बने हुए हैं। एक महिला ने आक्रोश में कहा जब वोट मांगना होता है तो घर-घर आ जाते हैं, लेकिन आज 8 दिन से हम यहीं बैठे हैं, न पार्षद दिखाई देता है, न सुपरवाइजर।

लोग भटकने को मजबूर

गरीब, बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे धूप-छांव में घंटों कतार में खड़े हैं, पर अधिकारियों की कुर्सियां खाली पड़ी रहती हैं। जिनके घर टूटे, वो भटक रहे है और जिनके पास घर है, वो सूची में दर्ज हैं यह व्यवस्था कितनी न्यायसंगत है।लोगों का गुस्सा अब उफान पर है। उनका कहना है हम सरकार पर भरोसा करके आए हैं, लेकिन यहां भ्रष्टाचार, लापरवाही और मनमानी चल रही है। हम आखिर जाएं तो कहा। कई लोग इस मुद्दे को शहर से लेकर रायपुर तक ले जाने की तैयारी में हैं। वार्ड 70 की यह स्थिति सिर्फ प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि बेघर गरीब परिवारों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ है।

अमीन की भरती परीक्षा 7 को व्यापम ने जारी किया ड्रेस कोड

■ **परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार होगा बंद**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, (व्यापम) द्वारा 7 दिसंबर को बिलासपुर सहित प्रदेश के 16 जिलों में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन (डब्ल्यूआरडीए-25) भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है। पूरे प्रदेश में 2.30 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी इसमें शामिल होने के लिए आवेदन किया है। अकेले बिलासपुर में 38 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों ने परीक्षा केन्द्र के रूप में बिलासपुर को चुना है। इसके लिए जिले में 126 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। व्यापम के निर्देश पर जिला प्रशासन ने इस परीक्षा के निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। व्यापम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें ताकि उन्हे परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फिस्किंग एवं फोटो युक्त पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूकि यह परीक्षा दोपहर 12.00 बजे प्रारंभ हो रहा है। अतः मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जावेगा।

इसलिए समय का विशेष ध्यान रखें। हल्के रंग के आधी बाही वाले कपडे पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे, नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपडे पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा।

छात्र जीवन ही भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी: दीपक शर्मा

■ **वैदिक महाविद्यालय सीपत के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन**

सीपत/नवप्रदेश। वैदिक महाविद्यालय सीपत की रासेयो इकाई द्वारा ग्राम मंजूरपहरी में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का 1 दिसंबर को प्रभावी समापन हुआ। शिविर अवधि के दौरान शिविरार्थियों ने स्वच्छता अभियान, स्लोगन लेखन, जनजागरूकता रैली, प्रेरक नारे और विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। प्रत्येक रात्रि आयोजित रचनात्मक कार्यक्रमों ने शिविर को ऊर्जावान रूप दिया। शिविर के छठवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने छात्रों को ऊर्जा और उत्साह से भरते हुए कहा कि छात्र जीवन वह काल है जिसमें व्यक्ति अपनी इच्छाओं, लक्ष्यों और सपनों को आकार देता है। समय सबसे अमूल्य है और आज के प्रतिस्पर्धी दौर में कम समय में अधिक साधना ही सफलता की पहचान है। उन्होंने अर्जुन के लक्ष्य भेदन का उदाहरण देते हुए कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो, आत्मविश्वास अटूट हो और संघर्ष के क्षणों में निराशा को स्थान न दें।वास्तविक शिक्षा वही है जो हमारे संस्कारों और व्यवहार में झलकती है। दोपहर में आयोजित बौद्धिक सत्र में सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज की दिशा में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं की क्षमता, ऊर्जा और भविष्य को जड़ से नष्ट करता है।

राष्ट्र निर्माण में युवा सबसे बड़ी शक्ति हैं और युवाशक्ति जितनी सजग होगी, समाज उतना ही सुरक्षित व प्रगतिशील होगा। इस दौरान विशिष्ट के रूप में बिल्हा जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, भाजयुमो नेता ललित यादव, अय्यूब खान उमा स्कूल मचखंडा के प्राचार्य जी.आर. पुलस्त, जेडी कॉन्वेंट के प्राचार्य प्रमोद रजक, सरपंच उषा मिलनदास मरावी उपस्थित थे।

सरकारी योजनाएं तभी कारगर है जब सही उपयोग हो : सिंह

शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिल्हा जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी योजनाएँ युवाओं और ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निर्मित हैं। इनका लाभ तभी संभव है जब हम जागरूक होकर इनका उपयोग करें।

शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाले कर्मी सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में अपने अधिकार क्षेत्र के मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम समय से पहले करने पर अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। इनमें बिल्हा एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के तहसीलदार और सुपरवाइजर शामिल है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एसआईआर का काम बेहतर तरीके से करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का निरंतर हौसला बढ़ा रहे है।

यूटीडी की सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी से व खेल मैदान विकास को लेकर छात्रों ने किया घेराव

■ **सौंपा ज्ञापन**

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओं ने अधूरे पाठ्यक्रम तथा चल रही आंतरिक परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए यूटीडी की आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं को जनवरी माह से आयोजित किए जाने एवं कैंपस के खेल मैदान का समतलीकरण कर विकास करने के साथ आवश्यक खेल सुविधाओं की उपलब्धता किए जाने, वार्षिक खेलकूद गतिविधि का आयोजन किए जाने की मांगे रखी, छात्र नेता नीरज यादव ने कहा कि खेल संबंधी बुनियादी सुविधाओं की कमी से विद्यार्थियों की मूल आवश्यकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, विगत 4 वर्ष से अधिक से वार्षिक खेलकूद गतिविधि का आयोजन नहीं किया गया है पर प्रत्येक छात्र से स्पोर्ट्स फीस लेकर पैसे का दुरुपयोग लगातार किया जाता रहा है, छात्रों ने समय से सिलेबस पूरा कर परीक्षा जनवरी माह से किए जाने की मांग छात्र अधिष्ठाता कल्याण डॉ तिवारी के माध्यम से की गई, इस दौरान लक्की साहू, सौरभ दुबे, आयुष खांडेकर, चिन्मय राहा, सारांश सिंह, निशु, रोहन, प्रगति,गौरव, मनीष, द्रविड, नीतीश, जुनैद, दामिनी के साथ अन्य छात्र छात्राओं ने कार्यालय का घेराव करके ज्ञापन दिया, इस दौरान बड़ी संख्या में आए छात्र छात्राएं नारे लगाते अपने अधिकारों की पूर्ति करने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन से मांगे रखी जिसपर ठोस आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

एयू में छठवां दीक्षांत समारोह आज, पूर्व राष्ट्रपति कोविंद आएंगे

63 विद्यार्थियों को उपाधि, 92 मेडल करेंगे वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह 4 दिसंबर को आयोजित होने जा रहा है। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई, जिसमें कुलपति ने कार्यक्रम से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की। कुलपति के अनुसार इस बार 63 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी, जबकि 66 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिलेंगे। विश्वविद्यालय ने दानदाताओं द्वारा दिए गए मेडल भी शामिल किए हैं, जिसके बाद कुल 92 मेडल विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे। इस बार का दीक्षांत समारोह विशेष इसलिए भी है क्योंकि इसमें देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।इस दीक्षांत समारोह को दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। पहले सत्र में पूर्व राष्ट्रपति विद्यार्थियों को उपाधि एवं सम्मान प्रदान करेंगे, जबकि दूसरे सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति और अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति मेडल वितरण करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार विश्वविद्यालय ने एक नई पहल करते हुए दूसरी से दसवीं मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय का मानना है कि यह कदम विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगा तथा आगामी वर्षों में और अधिक संख्या में विद्यार्थी प्रथम स्थान प्राप्त करने की दिशा में प्रयासरत होंगे।

नगपुरा में वाटरशेड महोत्सव मनाया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के कृषि विभाग में संचालित केन्द्रीय योजना डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाय 2.0/1 द्वारा कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नगपुरा में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। माइक्रोवाटरशेड ग्राम नगपुरा में विविध आयोजना के तहत् प्रभात फेरी, रंगोली एवं कबड्डी प्रतियोगिता, भूमि पूजन, श्रम दान एवं सरसों बीज का वितरण किया गया। वाटरशेड कमेटी नगपुरा में श्रमदान एवं निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसके पश्चात् प्राथमिक शाला माइक्रोवाटरशेड नगपुरा के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी, पानी की पाठशाला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया गया। आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद पंचायत सदस्य परमेश्वर खुसरो मौजूद थे। इसके अलावा सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा अनूपा पैकरा, सरपंच ग्राम पंचायत तुलुफ मोहन सिंह श्याम, भूतपूर्व जनपद पंचायत सदस्य श्रीमति सुरति परमेश्वर खुसरो एवं विभागों से कृषि विज्ञान केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा कौशिक, डॉ. एकता ताम्रकार एवं इंजीनियर पंकज मिंज, आईएफएफसीओ के प्रबंधक नवीन तिवारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रबंधक अवनीश सिंह उपस्थित थे।

अवैध प्लाटिंग निगम ने उप पंजीयक को पत्र लिखकर दी अवैध प्लाटिंग की जानकारी, उक्त जमीनों की रजिस्ट्री की भी मांगी जानकारी

बहतराई, मोपका और चिल्हाटी के 35 खसरा नंबरों की जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले शहर के बहतराई,मोपका और चिल्हाटी क्षेत्र के 35 खसरा नंबरों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर उप पंजीयक को पत्र लिखा गया है। भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन,बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाने के लिए निगम द्वारा उप पंजीयक को पत्र जारी किया गया है।

निगम सीमांतर्गत लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है,इसी के तारतम्य में निगम द्वारा जांच कराया गया जिसके आधार पर इन जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की तैयारी है। इसी तरह मोपका के खसरा क्रमांक 472/2, 473/6, 473/7, 465/1, 319/2, 320/1, 322/1. 323/1, 1317/1, 1317/1, 1317/17, 2100/2, 2100/24, क्षेत्रफल लगभग 1.2612 हेक्टेयर और चिल्हाटी के खसरा क्रमांक 294/1, 294/2, 294/3, 294/5,294/4, 294/8, 294/9, 294/10, 299/4, 299/5, 300/4, क्षेत्रफल लगभग 0.7306 हेक्टेयर, भूमि के स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किये अवैध कालोनी/प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। जिनके पंजीयन पर अविलम्ब रोक लगाते हुए पूर्व में की गई समस्त पंजीयन (रजिस्ट्री) की छायाप्रति उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

इन जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक

निगम ने जिन जमीनों की रजिस्ट्री में रोक लगाने के लिए पत्र लिखा है उनमें बहतराई के प.ह.नं. 48 स्थित भूमि खसरा क्र.420/1, 420/2. 439/1-2, 440/1-2, 57/3, 57/10, 463/1, 456, 457, 449, 454 भूमि है जिसके स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किये अवैध कालोनी / प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्ड़ों में विभाजित कर विक्रय किया गया है एवं वर्तमान में भी विक्रय किया जा रहा है। यह कृत्य छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-ग (2) प्रावधानों का उल्लंघन है।

आज सबसे ऊंचे प्वाइंट पर होगा कोल्ड सुपरमून

नई दिल्ली। दिसंबर की शाम को साल 2025 का आखिरी पूर्णिमा का चांद (कोल्ड मून) निकलेगा. यह पूरे साल का सबसे ऊंचा चांद होगा. इसे कोल्ड सुपरमून कह रहे हैं क्योंकि यह धरती के बहुत करीब होगा। सामान्य चांद से 10% बड़ा दिखेगा। 4 दिसंबर शाम को सूरज डूबते ही पूर्व दिशा में चांद निकलेगा। भारत में रात 7 बजे के आसपास बड़ा-बड़ा नारंगी चांद दिखेगा। सबसे सुंदर नजारा 5 दिसंबर की शाम को होगा, जब सूरज डूबने के 1 घंटे बाद चांद निकलेगा। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हर जगह साफ मौसम रहा तो बिना दूरबीन के भी कमाल लगेगा।



जब चांद धरती के सबसे करीब (पेरिजी) आता है. उसी दिन पूर्णिमा होती है, तो उसे सुपरमून कहते हैं। इस बार चांद धरती से सिर्फ3,57,000 किमी दूर होगा, इसलिए 10% बड़ा और 30% ज्यादा चमकदार दिखेगा. 2025 में यह चौथा सुपरमून है, लेकिन नवंबर के बाद दूसरा सबसे बड़ा चांद है। दुनिया भर में इसके अलग-अलग नाम। अमेरिकी मूलनिवासी इसे कोल्ड मून, लॉन्ग नाइट मून, फ्रॉस्ट एक्सप्लोडिंग ट्रीज मून कहते हैं। पुराने अंग्रेजी नामः मून बिफोर यूल (क्रिसमस से पहले वाला चांद) और हमारे यहां मार्गशीर्ष पूर्णिमा या दत्तात्रेय जयंती के आसपास का चांद कहा जाता है।

साल का सबसे ऊंचा चांद

यह सबसे बड़ी खासियत है. दिसंबर का पूर्ण चांद पूरे साल किसी भी पूर्णिमा से ज्यादा ऊपर जाता है। वजह बहुत आसान है... 21 दिसंबर को सर्दियों का संक्रांति (Winter Solstice) आएगा. उस दिन सूरज पूरे साल सबसे नीचा रहेगा। चांद हमेशा सूरज के ठीक उल्टी दिशा में होता है। इसलिए जब सूरज सबसे नीचा होता है, तो पूर्ण चांद सबसे ऊंचा चला जाता है। यानी सर्दी की रातों में चांद आसमान के सबसे ऊपरी हिस्से में चमकता है, जैसे सिर के ठीक ऊपर से गुजर रहा हो। इसी वजह से इसे लॉन्ग नाइट मून भी कहते हैं, क्योंकि रातें लंबी होती हैं। चांद ज्यादा देर तक चमकता है।

बंगाल से बीजेपी सांसदों से मिले पीएम मोदी, चुनाव से पहले दिया जीत का मंत्र

नई दिल्ली। बिहार में चुनाव जीतने के ठीक बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना फोकस पश्चिम बंगाल की तरफ मोड़ रखा है और विपक्ष पर हमले का कोई मौका नहीं छोड़ते. बिहार में जीत के बाद पीएम मोदी ने कहा था कि जैसे बिहार ने जंगल राज से छुटकारा पाया, वैसे ही अब बंगाल की बारी है. पीएम ने कहा था कि गंगा बिहार से बंगाल तक बहती है और बिहार ने बंगाल में भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया है. अब बंगाल से भी हम जंगल राज हटाएंगे. अब संसद के शीतकालीन सत्र के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के सांसदों से मुलाकात की और उन्हें जीत का मंत्र दिया।

टीएमसी सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रखें

प्रधानमंत्री ने अब तक किए गए प्रयासों की सराहना की और मौजूदा टीएमसी सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया. बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से स्थानीय मुद्दों पर फीडबैक भी लिया, खासकर हाल ही में सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले को लेकर पीएम मोदी ने ज़ोर दिया कि पार्टी को जनता से जुड़े रहना चाहिए और जमीनी सच्चाई को समझते रहना चाहिए. प्रधानमंत्री ने दोहराया कि प्रभावी जनसंपर्क और संवेदनशील नेतृत्व ही चुनावी सफलता की कुंजी हैं।

पीएम मोदी ने दिया किला फतेह करने का मंत्र

पश्चिम बंगाल में साल 2026 यानि अगले साथ विधानसभा चुनाव होने हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के बीजेपी सांसदों को सलाह दी है कि राज्य में चल रहा एसआईआर अभियान सरल और पारदर्शी रहे। प्रधानमंत्री से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, उन्होंने जोर देकर कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से जटिल न बनाया जाए और यह संदेश बूथ स्तर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा, 'एसआईआर ड्राइव को सरल और पारदर्शी रखें। इसका उद्देश्य केवल इतना है कि पात्र मतदाताओं का नाम शामिल हो और जो पात्र नहीं हैं उनके नाम हटाए जाएं।' उन्होंने प्रक्रिया में स्पष्टता और दक्षता पर विशेष जोर दिया. उन्होंने सांसदों से यह भी कहा कि 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के दौरान वे फोकस्ड और आत्मविश्वासी रहें। सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी की ताकतों का पूरा उपयोग करने और पिछले वर्षों में बनी हुई गति को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

विपक्ष की बयानबाज़ी से विचलित न हों

टीएमसी या मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सीधे तौर पर नाम लिए बिना प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को सलाह दी कि वे विपक्ष की बयानबाज़ी से विचलित न हों। उन्होंने याद दिलाया कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी किस तरह बढ़ी है। 2011 में मात्र तीन विधायकों से लेकर 2016 तक पार्टी की उपस्थिति में बड़ा विस्तार हुआ और इस प्रगति को लगातार आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा कि वे पार्टी की संगठनात्मक शक्ति और जमीनी समर्थन पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा, 'हमें मेहनत करनी है और सुनिश्चित करना है कि हम बंगाल का चुनाव जीतें।'

राजनाथ सिंह के बयान से नया विवाद, प्रियंका गांधी ने कहा- असली मुद्दों से भटकाने की कोशिश

नई दिल्ली (आईएएनएस)। बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र का तीसरे दिन रहा। विपक्ष सदन के बाहर भी मुखर नजर आया। मीडिया से बातचीत में विपक्ष ने बढ़ते हुए प्रदूषण और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हालिया बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की। उनका आरोप है कि सरकार सही मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए भटकाने की कोशिश कर रही है। इस दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने प्रदूषण पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि ऐसा संकट है जो हर इंसान की सेहत पर असर डाल रहा है। उन्होंने साफकहा कि संसद में इस पर गंभीर और ठोस चर्चा होनी चाहिए और सिर्फ बहस से काम नहीं चलेगा। सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। प्रियंका ने यह भी कहा कि यह काम सबको मिलकर करना होगा और हर स्तर पर इसे प्राथमिकता देनी होगी।

राजनाथ सिंह के बयान पर बोलते हुए प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार रोज कोई नया विवाद खड़ा करती है ताकि जनता के असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा सके। उनके अनुसार यह बयान उसी भटकाव की राजनीति का हिस्सा है। वहीं, इसी दौरान राहुल गांधी पत्रकारों के सवालों से बचते नजर आए। जब उनसे बयान मांगा गया तो उन्होंने कहा कि वे फिलहाल किसी भी विषय पर टिप्पणी नहीं करेंगे। राजनाथ सिंह के विवादित बयान पर समाजवादी पार्टी के सांसद अफ्ज़ल अंसारी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि लगभग 60 साल पुराने मामले को दोबारा उठाकर नया विवाद खड़ा करना जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने की कोशिश लगती है।

रेवंत रेड्डी के हिंदू देवी-देवता वाले बयान पर हंगामा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा हिंदू धर्म को लेकर दिए गए बयान ने बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। रेड्डी ने कहा था कि हिंदू धर्म में हर अवसर के लिए एक देवता" मौजूद हैं। इस टिप्पणी के बाद भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) ने बुधवार को उन पर हिंदू धर्म का अपमान करने का आरोप लगाया। विवादित टिप्पणी के बाद भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, हिंदू धर्म का अपमान और हिंदू आस्थाओं को नीचा दिखाना कांग्रेस और उसके सहयोगियों की आदत बन चुकी है। कर्नाटक, केरल या अब तेलंगाना, हर जगह कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिर्फ एक ही समुदाय का प्रतिनिधित्व करते दिखते हैं। ये नेता दूसरों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं, जबकि हिंदुओं और उनकी आस्था का मजाक उड़ाने में लगे रहते हैं। यह एक पैटर्न बन चुका है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीएम रेड्डी पर और भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा, ऐसी भाषा वही व्यक्ति इस्तेमाल कर सकता है जिसका संबंध औरंगज़ेब के वंश से हो। जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी बयान की निंदा की।

देवव्रत ने 50 दिनों में 2000 वेद मंत्रों का किया दंडक्रम पारायण

वाराणसी। काशी के इतिहास में पहली बाद 19 साल के वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे घनपाठी ने 50 दिनों में 2000 वेदमंत्रों का दंडक्रम पारायण संपूर्ण किया। वल्लभराम शालिग्राम सांगवेद विद्यालय में वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे घनपाठी को काशी के विद्वानों ने दंडक्रम विक्रमादित्य की उपाधि प्रदान की। शृंगेरी के शंकराचार्य की ओर से महेश रेखे को स्वर्ण कंगन और एक लाख एक हजार एक सौ 16 रुपये की दक्षिणा प्रदान की गई।

नहीं छिनेगी 32000 शिक्षकों की नौकरियां

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में प्राथमिक स्कूल शिक्षकों को कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि 32,000 प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की नौकरियां बनी रहेंगी। कलकत्ता हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ के फैसले को न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की खंडपीठ ने पलट दिया। कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने बुधवार को एकल पीठ के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल में 32,000 प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। इन शिक्षकों की भर्ती 2014 की शिक्षक पात्रता परीक्षा के माध्यम से की गई थी। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखने के लिए इच्छुक नहीं है, क्योंकि सभी भर्तियों में अनियमितताएं साबित नहीं हुई हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि नौ वर्ष के बाद नौकरी खत्म करने से प्राथमिक शिक्षकों और उनके परिवारों पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

सीएम योगी ने बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों पर कसा शिकंजा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में 17 नगर निकायों को निर्देश दे दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि नगर निकायों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की सूची बनाएं और कमिश्नर व आईजी को सौपे। कमिश्नर व आईजी को प्रथम चरण में डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्देश दिया गया है। ये डिटेंशन सेंटर प्रदेश के हर मंडल में बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अधिकारी एक्शन में आ गए हैं।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

अमिताभ कांत ने दी चेतावनी, सॉवरेन एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के बिना भारत पिछड़ सकता है

मुंबई (आईएएनएस)। नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारत को तत्काल सॉवरेन एआई कैपेबिलिटी बनानी चाहिए, नहीं तो विदेशी टेक्नोलॉजी फर्मों पर निर्भर होने का जोखिम उठाना पड़ेगा जो अपने मॉडल को मजबूत करने के लिए भारतीय डेटा का इस्तेमाल कर रही हैं। मिंट ऑल अबाउट एआई टेक4गुड अवॉर्ड्स में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि देश की टेक्नोलॉजिकल ट्रैजेक्टरी इस बात से तय होगी कि वह कितनी तेजी से अपने घरेलू कंप्यूटर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करता है, सेंसिटिव डेटा की सुरक्षा करता है और स्वदेशी एआई सिस्टम बनाने वाले स्टार्टअप्स को सपोर्ट करता है। कांत ने कहा, हाल के दिनों में किसी भी दूसरी टेक्नोलॉजी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तरह दुनिया में तूफान नहीं मचाया है। उन्होंने इसे आर्थिक अवसर, राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता और डेमोग्राफिक क्षमता का एक दुर्लभ मेल बताया और कहा कि दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल डेटा जनरेटर में से एक के रूप में भारत की स्थिति, देश को स्थानीय जरूरतों के आधार पर एआई सिस्टम को आकार देने का एक अनोखा मौका देती है।

कोटक म्यूचुअल फंड एनुअल आउटलुक 2026 स्ट्रक्चरल ट्रेंड के चलते बढ़ेगी कंपनियों की कमाई

मुंबई। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (चरूरु/ कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया। इस रिपोर्ट में आने वाले साल में भारत की आर्थिक स्थिति और उन अहम निवेश थीम पर विस्तार से जानकारी दी गई है, जो वित्तीय बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। रिपोर्ट में शेयर बाजार, फिक्स्ड इनकम और थीमेटिक सेक्टर्स में मौजूद अवसरों की बात की गई है, साथ ही वैश्विक व घरेलू ट्रेंड को समझने पर जोर दिया गया है, जिन पर निवेशकों को नजर रखनी चाहिए। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि, ÷वित्त वर्ष 2026 में इक्विटी से मिलने वाला रिटर्न कंपनियों की कमाई में बढ़ोतरी पर निर्भर रहेगा। उम्मीद है कि भारतीय कंपनियां वित्त वर्ष 2027 में डबल डिजिट की मजबूत अर्निंग दिखाएंगी।

आईआईएम की स्टूडेंट बनीं ओलिंपियन शूटर मनु भाकर

पंचकूला। ओलिंपिक और शूटिंग वर्ल्ड कप में इतिहास रचने वाली हरियाणवी शूटर मनु भाकर अब रोहतक में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM) की स्टूडेंट बन गई हैं। मनु भाकर का एडमिशन प्रोसेस पूरा हो गया है।खास बात यह है कि मनु भाकर ने आगे की स्टडी के लिए कोर्स भी स्पोर्ट्स फील्ड से ही चुना है। मनु यहां से पीजी डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की पढ़ाई करेंगी। परिवार के अनुसार, मनु ने खेल के बाद इसी से जुड़े बिजनेस को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में आगे की पढ़ाई करने का फैसला लिया है। मनु मूल रूप से झज्जर जिले के गोरिया गांव की रहने वाली हैं। उनकी स्कूली शिक्षा झज्जर के यूनिवर्सल स्कूल से हुई है। यह स्कूल उनके चाचा संचालित करते हैं। इसके बाद मनु ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन किया। उसके बाद चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पोस्ट ग्रेजुशन किया है। मनु ने 2024 के पेरिस ओलिंपिक में निशानेबाजी में डबल ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए थे। 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया था। वर्तमान में मनु का फोकस शूटिंग वर्ल्ड कप पर है, जो 2027-28 में भारत में ही होगा। वह इसकी तैयारी में जुटी हुई हैं।

हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूसः आमिर खान ने एक्टर वीर दास से पूछ लिया, ये क्या बनाया है?

मुंबई (आईएएनएस)। आमिर खान प्रोडक्शंस औरअभिनेता वीर दास मिलकर फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' लेकर आ रहे हैं। बुधवार को मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। खास बात ये है कि इस फिल्म से कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास निर्देशन में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म का ऐलान करते हुए आमिर खान ने इंस्टाग्राम पर वीरदास के साथ एक मजेदार वीडियो पोस्ट शेयर किया। इसमें आमिर वीर को डांटते हुए पूछते हैं, "ये क्या बनाया है? मैंने तुमसे एक्शन स्पाई थ्रिलर फिल्म बनाने के लिए कहा था," जिसका जवाब देते हुए वीर कहते हैं, "सर, एक्शन तो बहुत है, पिटाई भी खूब है!"

इसके बाद आमिर हंसते हुए कहते हैं, "फिल्म में तुम्हारी पिटाई हो रही है, ये एक्शन है?"

वीडियो में आमिर पूछते हैं कि फिल्म में एक्शन, रोमांस और यहां तक कि आइटम नंबर को किस अंदाज में दिखाने वाले हैं? इसी हल्की-फुल्की बातचीत करते हुए आमिर वीर दास पर संदेह जताते हुए कहते हैं कि फिल्म फ्लॉप होगी और पब्लिक हमें मारेगी, अभी सब लोग आ रहे होंगे। इसके बाद वीर दास कहते हैं, 'लाल सिंह चड्ढा' भी तो फ्लॉप हुई थी, जिस पर आमिर नाराज होकर वीर दास की पिटाई करने लगते हैं, लेकिन वीडियो में मजा तब आता है, जब स्क्रीनिंग से पब्लिक बाहर निकलती है और फिल्म की तारीफ करती है।

रणवीर सिंह की 'धुरंधर' का नया गाना 'ईजी-ईजी' रिलीज

मुंबई (आईएएनएस)। रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल स्टारर फिल्म 'धुरंधर' का नया गाना 'ईजी-ईजी' रिलीज हो चुका है। रिलीज के साथ ही गाना सोशल मीडिया पर छा गया है। पंजाबी सिंगर दिलजीत सिंह दोसांझ की आवाज ने गाने के साथ पूरा न्याय किया है। इस गाने को 'धुरंधर' का 'गैंगस्टर एंथम' कहा गया है। रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया के जरिए फिल्म के नए गाने के रिलीज की जानकारी दी है। गाने में रणवीर का एक्शन अवतार देखने को मिल जा रहा है, जो चेहरे पर खतरनाक स्माइल के साथ दुश्मनों को बंदूक से छलनी कर रहे हैं।

गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण का कोई प्रस्ताव नहीं: आईजी पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइडलाइन दरों में भारी वृद्धि का जमकर विरोध हो रहा है। कारोबारी, बिल्डर और सत्तापक्ष-विपक्ष के नेता गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के लिए दबाव बना रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जमीन की गाइडलाइन दरों में फिलहाल पुनरीक्षण का कोई प्रस्ताव नहीं है। महानिरीक्षक (पंजीयक) पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि प्रदेश में कुछ स्थानों पर गाइडलाइन दरों में त्रुटियों की शिकायत का परीक्षण किया जा रहा है, लेकिन पुनरीक्षण का कोई प्रस्ताव नहीं है। शासन से भी इस संबंध में कोई निदेशा-निर्देश नहीं है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 20 नवंबर से जमीन की गाइडलाइन दरों में भारी बढ़ोतरी की है। शहरी क्षेत्र में 20 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 400 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। पंजीयन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की गाइडलाइन दरों का वैज्ञानिक व तर्कसंगत पुनरीक्षण किया गया है। गाइडलाइन दर में वर्ष 2017-18 के बाद से किसी प्रकार का संशोधन नहीं हुआ था। इस कारण वास्तविक बाजार मूल्य और गाइडलाइन दरों में भारी अंतर पैदा हो गया था। पिछले सात वर्षों में बने

नए हाईवे, कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र आदि की दरें निर्धारित नहीं थीं। नई दरों से किसानों-भूमिस्वामियों को उनकी भूमि का अधिक व न्यायसंगत मुआवजा मिलेगा। संपत्ति के विरुद्ध बैंक से अधिक राशि का लोन स्वीकृत होगा। वहीं, नई गाइडलाइन दरों का प्रदेशभर में भारी विरोध-प्रदर्शन भी किया जा रहा है। बिल्डरों ने कुछ दिन पहले वाणिज्यकर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर गाइड लाइन दरों में संशोधन के लिए सुझाव भी दिए थे, लेकिन इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बताया जा रहा है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में भी इस पर चर्चा हो सकती है।

रोजाना एक से डेढ़ हजार रजिस्ट्री

पंजीयन विभाग के अधिकारियों की मानें तो नई गाइडलाइन दरें लागू होने के बाद भी बड़ी संख्या में जमीन रजिस्ट्री हो रही है। प्रतिदिन औसत एक से डेढ़ हजार रजिस्ट्री हो रही है। हालांकि पहले की तुलना में रजिस्ट्री की संख्या काफी कम है। गाइडलाइन दरों में वृद्धि के कारण रजिस्ट्री के लिए चार से पांच गुना अधिक स्टाम्प व पंजीयन शुल्क देना पड़ रहा है। इससे जमीन खरीदने-बेचने वालों में आक्रोश है।

न्यूज गैलरी

प्रदेश में पहली बार 150 मीटर ऊंचाई पर विंड मॉनिटरिंग स्टेशन की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अब नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत करने जा रहा है। राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफविंड एनर्जी, नीवे) चेन्नई ने राज्य में पवन ऊर्जा की वास्तविक संभावनाओं के वैज्ञानिक आकलन के लिए 150 मीटर ऊंचाई पर पवन अनुवीक्षण (विंड मॉनिटरिंग) स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पहल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की हरित ऊर्जा विस्तार नीति के अनुरूप क्रेडा व राज्य शासन के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। विंड मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना न सिर्फतकनीकी कदम है बल्कि यह छत्तीसगढ़ को 'राष्ट्रीय पवन ऊर्जा मानचित्र' पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक शुरूआत है। यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी और सीईओ राजेश सिंह राणा के नेतृत्व में पवन ऊर्जा संभावनाओं के अध्ययन की शुरूआत भी है।

राजीव लोचन कॉलेज की प्राचार्य सहित तीन प्राध्यापक निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित तीन प्राध्यापकों को जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री खरीदी में अनियमितता के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम की प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहन लाल वर्मा, सहायक प्राध्यापक देवेन्द्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक मनीषा भोई द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से की गई क्रय की गई सामग्री में आर्थिक अनियमितता में प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाई गई है। जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय की गई सामग्री में इनके द्वारा छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया है। राजीव लोचन महाविद्यालय की प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापकों को सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय रायपुर नियत किया गया है।

बलात्कारी सौतेले पिता को 20 वर्ष का कारावास

रायपुर/नवप्रदेश। 10 वर्षीय बेटी के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार सौतेले पिता को आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने 20 साल सश्रम कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं पीड़िता को प्रतिकर राशि के रूप में छह लाख रुपए देने का आदेश भी दिया है। यह मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है। इस मामले में अंतिम सुनावाई रायपुर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो गिरीश कुमार मंडावी की कोर्ट में पूर्ण हुई। विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान ने कोर्ट को बताया कि पीड़िता की नानी के अनुसार, यह घटना 29 नवंबर 2023 की है। रात में आरोपी ने जबरदस्ती नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले साध्य और आरोपी के बयान कोर्ट में पेश किये। अभियोजक द्वारा कोर्ट से निवेदन किया गया कि अभियुक्त ने गंभीर अपराध किया है। अधिकत्तम दंड से दंडित किया जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्त को 20 साल सश्रम कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी नहीं किये जाने पर। माह की अतिरिक्त सजा का प्रावधान है।

एयरपोर्ट से डाक थैलों का हवाई प्रेषण फिर शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय डाक विभाग छत्तीसगढ़ परिमंडल ने प्रदेश में डाक प्रेषण एवं वितरण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से देश के विभिन्न शहरों के लिए आउट बाउंड कार्गो सेवा के माध्यम से डाक थैलों का प्रेषण फिर शुरू कर दिया गया है। भारतीय डाक विभाग और भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मध्य हुए समझौते के तहत यह हवाई प्रेषण सेवा 21 नवम्बर 2025 से फिर शुरू की गई है। इस व्यवस्था से छत्तीसगढ़ परिमंडल के विभिन्न डाकघरों से बुक किए जाने वाले स्पीड पोस्ट एवं स्पीड पोस्ट पार्सल की पारेषण गति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे प्रेषित स्पीड पोस्ट आर्टिकल संबंधित डाकघर तक जल्द पहुंचेंगे। जिससे अंतिम वितरण और अधिक तेजी व समयबद्धता के साथ सुनिश्चित हो सकेगा। वर्तमान में रायपुर से दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता, भुवनेश्वर, इंदौर, पुणे और अहमदाबाद के लिए सीधे डाक प्रेषण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रैम्म सुविधा के तहत गुवाहाटी, पटना, लखनऊ और कोच्ची के लिए भी डाक थैलों का परिवहन संचालित है। भारतीय डाक विभाग ने कहा है कि वह आधुनिक तकनीक, उन्नत लॉजिस्टिक्स और प्रशिक्षित मानव संसाधनों के समन्वय से सेवाओं की गुणवत्ता को निरंतर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से छत्तीसगढ़ के लाखों उपभोक्ताओं को प्रभावी डाक सेवा उपलब्ध होगी।

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था की गोष्ठी

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ऋचा की नवंबर माह की गोष्ठी लतिका भावे के निज निवास में संपन्न हुई। सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, इशिता भावे ने मधुर स्वर में स्वरचित सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। अर्चना जी और प्रदीप यदु जी को इस माह उनके जन्मदिन पर बधाई प्रेषित की गई और मंजु यदु जी द्वारा उनको पुष्प गुच्छ से अभिवादन किया गया। डॉ चितरंजन कर का सम्मान ऋचा संस्था के समस्त सदस्यों की ओर से ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु ने किया। सुरेंद्र रावल और कर सर का लतिका जी द्वारा भी सम्मान किया गया। तत्पश्चात काव्य पाठ प्रारंभ हुआ काव्यगोष्ठी का कुशल संचालन अंजु दीप द्वारा किया गया। रामेश्वर शर्मा, के पी सक्सेना, माधुरी कर, चंद्र कला त्रिपाठी, दिलीप वरवंडकर, अमृता शुक्ला, शकुंतला तरार, सुरेंद्र रावल, ईरा पंत, कोमल राठौर, इंजि अमरनाथ त्यागी, साधना कसार, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, प्रज्ञा त्रिवेदी, चंद्र कांता अग्रवाल, डॉ चितरंजन कर, अंजु यदु, लतिका भावे, साधना सक्सेना और योगेश भावे ने गीत गाया, कार्यक्रम के अंत में ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने आभार प्रेषित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस प्रकार कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ।

समितियों में खरीदी की लिमिट से टोकन के लिए मशक्कत

रायपुर/नवप्रदेश। धान बेचने के लिए किसानों को टोकन के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। तुंहर टोकन एप शुरू होने के चंद मिनटों में ही बंद हो जा रहा है। इसके चलते ग्रामीण तत्काल ऑनलाइन टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। दूसरी तरफ इस बार समितियों में धान खरीदी की लिमिट भी आधी कर दी गई है। तुहर एप के जरिए विफल होने के बाद किसान आसपास के चॉइस केन्द्रों में कतार लगा रहे हैं। दूसरी तरफ समितियों में खरीदी की सीमा आधी कर देने से बड़े किसानों को अपना पूरा धान बेचने से वंचित होना पड़ रहा है। भुगतान के मामले में भी यही स्थिति है। कम रकबा वाले छोटे किसानों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है लेकिन ज्यादा धान बेचने वालों को सप्ताह भर तक भुगतान नहीं हो रहा है। धान बेचने के लिए किसानों को इस बार टोकन कटाने के जूझना पड़ रहा है। तुंहर एप सीमित समय के लिए खुलता है और चंद मिनटों में ही बंद हो जाता है। दरअसल, सुबह निर्धारित समय में कुछ देर के लिए ही एप ओपन होता है। इस समय

न उठाव हो रहा न टोकन मिल रहा

किसान संगठनों ने टोकन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। इधर किसान नेता उधोराम वर्मा ने मांग उठाई कि सरकार समितियों में खरीदी की सीमा में बढ़ोतरी करे तो टोकन उपलब्ध हो पाएगा। हालात यही बनी रही तो किसान फिर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। समितियों में उठाव की व्यवस्था कर सूखत से बचाने भी तत्काल निर्णय लिया जाए।

सभी किसान टोकन के लिए प्रयास करते हैं, इसमें कुछ ही किसान सफल हो पाते हैं और बमुश्किल दो मिनट में ही एप क्लोज हो जाता है। यही वजह है कि ज्यादातर किसान चॉइस सेंटरों में जाकर टोकन के लिए लाइन लगाने मजबूर हैं। रायपुर जिले अलग-अलग क्षेत्रों में यही तसवीर नजर आ रही है। ऑफलाइन टोकन की लिमिट भी केवल 30 फीसदी है। वहीं समितियों की सीमा भी आधी होने से किसानों को वंचित होना पड़ रह है। इनमें सबसे ज्यादा दिक्कत कम लिमिट वाली सोसायटियों के दायरे में ज्यादा रकबे वाले किसान को है। कुछ समितियों में तो केवल 700 से 800 क्विंटल की ही लिमिट है, इसी सोसायटियों में 500 क्विंटल धान बेचने वाले बड़े किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह मध्यम किसानों को भी धान बेचने पसीना बहाना पड़ रहा है।

दस दिनों से लगा रहे चक्कर

रायपुर जिले की धरसींवा और कुंरा धान खरीदी केन्द्र के किसानों के मुताबिक वे टोकन के लिए दस दिनों से समितियों और चॉइस सेंअर के चक्कर काट लिए लेकिन टोकन नहीं कट रहा है। समितियों में खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाने से टोकन नहीं कट रहा है।

नई गाइडलाइन दरों पर छत्तीसगढ़ में होने वाला है बड़ा खेल: भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जमीन की गाइड लाइन दरों में बढ़ोतरी के फैसले पर भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने इस पर तीखे सवाल उठाते हुए आशंका जताई कि छत्तीसगढ़ में बड़ा खेल होने वाला है। उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे पर ईशारों में ही निशाना साधा। इधर उन्होंने दुर्ग गाइड लाइन दरों का विरोध करने वाले व्यापारियों पर लाठीचार्ज की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि अब अति हो गई, इसलिए व्यापारियों को सड़क पर उतरना पड़ा। जबकि सरकार तो व्यापारियों से मिलकर चलती है। इस सरकार को तो व्यापारियों की सरकार भी कहा जाता है। राजधानी में चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गाइड लाइन दरों में बढ़ोतरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार इस अव्यवहारिक आदेश को वापस नहीं लेना चाहती है। जमीन की राज्ट्रियों पर ब्रेक लग गया है। यहां कोई बड़ा खेल होने वाला है।

यही वजह है कि पीएम और केन्द्रीय गृह मंत्री यहां आए और तीन दिन रूके। अब फिर गृह मंत्री बस्तर ओलंपिक में फिर आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अब तो व्यापारी वर्ग भी सरकार से नाराज है। चाहे वह जमीनों की गाइड लाइन का मामला हो या फिर ट्रेड लाइसेंस का, अब कारोबारी भी भाजपा सरकार के खिलाफसड़कों पर हैं। सरकार तो पुलिस के जरिए लाठी बरसा रही है। अब कोई ऐसा वर्ग नहीं बचा जो सरकार से नाराज न हो। उन्होंने कटाक्ष करते हुए पूछा कि भाजपा की यह सरकार किसकी सरकार है। जनता की सरकार तो नहीं दिखती है।

मोबाइल फोन से जनता का डाटा लेने की मंशा

संचार साथी एप को लेकर उठे विवादों पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार इस एप के माध्यम से आपके मोबाईल का सारा इंफार्मेशन लेना चाहती है। भारत सरकार हर नागरिक से डरी हुई है। आपके फोन से जानकारी लेकर आपको ब्लैकमेल करना चाहती है।

ट्रक पलटा और खुल गई पोल: छड़ के बीच छुपाकर हो रही थी गांजा की तस्करी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में देर रात एक सड़क हादसा चौकाने वाले खुलासे में बदल गया। दरअसल छड़ से भरी एक ट्रक पलट गई, जिसमें जांच करने पहुंची पुलिस की नजर केबिन में छिपाए गए भारी मात्रा में गांजे पर पड़ी। देखने में यह एक सामान्य सड़क दुर्घटना लग रही थी, लेकिन जैसे ही पुलिस ने ट्रक को खंगाला, पूरा मामला नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ा निकला।

मिली जानकारी के अनुसार, बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम बैजी के पास रायपुर से प्रयागराज जा रहा एक भारी मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो प्रारंभिक जांच में ट्रक में लोहे की छड़ें भरी हुई मिलीं। लेकिन जैसे ही पुलिस ने ट्रक के केबिन और अंदरूनी हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली, वहां से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी पुलिस

बता दें कि, गांजे को लोहे की छड़ों के नीचे और केबिन के भीतर बड़ी चालाकी से छुपाकर रखा गया था, जिससे यह साफहो गया कि, छड़ की आड़ में गांजे की तस्करी की जा रही थी। फिलहाल पुलिस मौके पर जेसीबी और मजदूरों की मदद से ट्रक से छड़ उतारकर गांजा निकालने का प्रयास कर रही है। जब्त किए गए गांजे की मात्रा का आकलन किया जा रहा है। वहीं, फरार चालक की तलाश में पुलिस ने शुरू कर दी है।

दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशील बने समाज: डेका

- विश्व दिव्यांगजन दिवस पर कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल
- कोपलवाणी संस्था को 5 कम्प्यूटर और उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका आज विश्व दिव्यांगजन दिवस पर कोपलवाणी श्रवण बाधित विद्यालय सेमरिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और दिव्यांग बच्चों को आर्शीवाद एवं प्रोत्साहन दिया। इस अवसर पर श्री डेका ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए समाज संवेदनशील बने, उनका सम्मान करें और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहयोग करें।

कोपलवाणी विद्यालय को 5 कम्प्यूटर प्रदान करने की घोषणा के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को व्यक्तिगत रूप से 2 लाख रूपए देने की भी घोषणा

राज्यपाल श्री डेका ने कोपलवाणी श्रवण बाधित विद्यालय सेमरिया में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय से उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को जो स्वरोजगार व अन्य क्षेत्र में कार्य कर रहे है, उन्हें सम्मानित किया।

दिव्यांग बच्चें समाज के अभिन्न अंग

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि दिव्यांगजन भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हमे ऐसा माहौल बनाना है जहां उन्हें किसी भी तरह की रूकावट महसूस न हो। हम शासन और समाज मिलकर दिव्यांगजनों के लिए ऐसी दुनिया बनाएं जहां वे सम्मान और आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए केंद्र और राज्य शासन द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है। दिव्यांग पेंशन से उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। सरकारी नौकरी में आरक्षण, छात्रवृत्ति, निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा एवं स्वावलंबन में मदद की जाती है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए। श्री डेका ने दिव्यांग बच्चों से कहा कि आप समाज के एक अंग है। समाज, प्रदेश व देश आपके साथ है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा और तत्काल नई गाइड लाइन दरों पर रोक लगाने की मांग की

गाइडलाइन दरों में भारी वृद्धि जनविरोधी फैसला, तत्काल रोक लगे : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइड लाइन दर को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। इसके लागू होते ही मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस व अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया और लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। इधर नईदर लागू होने के 12 दिनों बाद रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी अपनी ही सरकार के इस फैसले को जनविरोधी और अव्यावहारिक करार देते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा और तत्काल नई गाइड लाइन दरों पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववत गाइडलाइन दर पुनः लागू करने के साथ ही स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति का गठन कर वास्तविक बाजार मूल्यांकन

कराया जाए। उल्लेखनीय हैं कि भाजपा सांसद अग्रवाल के इस पत्र के बाद विरोध में आवाज बुलंद कर रहे विपक्षी पार्टियों के नेताओं को सरकार के खिलाफ बड़ा मुद्दा मिल गया है। अग्रवाल का पत्र तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा हैं। उन्होंने अपने पत्र में लिखा हैं कि जनभावनाओं का सम्मान ही लोकतंत्र का आधार है। जनता पर आर्थिक बोझ नहीं होने देंगे, गाइडलाइन दरों में 100 से 800 फीसदी की वृद्धि अव्यावहारिक है। उन्होंने पत्र में लिखा कि प्रदेश में भूमि खरीदी-बिक्री के लिए कलेक्टर गाइडलाइन दरों में 100 से 800 प्रतिशत तक की वृद्धि पर आपत्तिजनक है, इस निर्णय को तत्काल स्थगित कर पुर्नविचार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नई गाइड लाइन दर प्रदेश में बिना किसी जन परामर्श, बिना किसी वास्तविक मूल्यांकन और बिना सामाजिक-आर्थिक प्रभावों की समीक्षा के अनियोजित वृद्धि कर दी गई है। इससे पूरे प्रदेश में अनेक वर्गों में असंतोष उफान पर है।

उन्होंने आगे कहा कि इस फैसले से किसान, छोटे व्यवसायी, कुटीर उद्यमी, मध्यम वर्ग, छोटे रियल एस्टेट क्षेत्र और निवेशक सभी इस निर्णय के खिलाफ है व्यापक विरोध को देखते हुए यह निर्णय किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। यह वृद्धि 'इज ऑफलिविंग 'और 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस दोनों के विपरीत है और प्रदेश की आर्थिक रीढ़ पर सीधी चोट है।

भूमि अधिग्रहण में आता हैं एक प्रतिशत हिस्सा

सांसद अग्रवाल का कहना है कि, गाइड लाइन दर में वृद्धि पर दावा किया जा रहा है कि किसानों को भूमि अधिग्रहण में अधिक मुआवजा मिलेगा, परन्तु वस्तुस्थिति बिल्कुल अलग है। भूमि का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही अधिग्रहण में आता है, किंतु 99 प्रतिशत जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। गाइडलाइन मूल्य 100 प्रतिशत बढ़ाने के बाद भी पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत बनाए रखना जनता के साथ अन्याय है, जिसे घटाकर पुनः 0.8 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इसी तरह नवा रायपुर में सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्रों को नगरीय क्षेत्र से करने तथा पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत से घटाकर 0.8 प्रतिशत किया जाए।

लाभांडी व निमोरा का दिया उदाहरण

अग्रवाल ने अपने पत्र में राजधानी के समीप लाभांडी और निमोरा जैसे गाँवों का उदाहरण देते हुए लिखा कि किस प्रकार बिना किसी वास्तविक मूल्यांकन के गाइडलाइन दरों में 725 प्रतिशत और 888 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई है, जो किसी भी आर्थिक न्याय का पालन नहीं करती, साथ ही, नवा रायपुर के ग्रामीण क्षेत्रों को बिना आवश्यक सुविधाएँ विकसित किए नगरीय क्षेत्र घोषित करने पर भी उन्होंने गंभीर सवाल उठाए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com